Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक RNI NO. UPHIN/2018/76874

# वेलकम इंडिया


बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 22 | शुक्रवार, 23 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मयार्दा महोत्सव में बोले मोहन भागवत

# 'पूरी दुनिया की चिंता करता है भारत, कई देशों की संकट में की मदद'



**जयपुर।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि दुनिया के देश आजकल अपने स्वार्थ के साथ चल रहे हैं। हर कोई चाहता है कि मेरा स्वार्थ सिद्ध होना चाहिए लेकिन भारत के लोग कभी इस सोच के साथ नहीं चले और न ही चलेंगे क्योंकि भारतीय धर्म को जानते हैं। भारत केवल अपने हित की नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की चिंता करता है। भारत ने बिना किसी स्वार्थ के पाकिस्तान और श्रीलंका सहित कई देशों की संकट में मदद की है। भागवत ने गुरुवार को राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के छोटी खाटू कस्बे में जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के मयार्दा महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही।सर संघचालक ने कहा कि हमारे पूर्वज धर्म का सत्य जानते थे। धर्म के पीछे जो सत्य है वो बाकी दुनिया नहीं जानती थी, इसलिए सत्य, अहिंसा व अपरिग्रह आदि बातें केवल हमारे देश में हैं। उन्होंने मयार्दा, अनुशासन और संतुलन को राष्ट्र प्रगति की नींव बताते हुए कहा कि धर्मग्रंथों का संदेश जीवन की दिशा बदल सकता है।बाद में भागवत ने संघ के वरिष्ठ प्रचारकों के साथ अलग से संवाद भी किया। इस मौके पर जैन श्वेतांबर तेरापंथ संप्रदाय के सर्वोच्च आचार्य महाश्रमण ने खोज, अहिंसा और करुणा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी और धर्मग्रंथों के संदेश से जीवन की दिशा बदल सकती है।

## मणिपुर में फिर भड़की जातीय हिंसा

# कुकी युवती से विवाह करने वाले मैतेयी युवक की अपहरण के बाद गोली मारकर हत्या


**इंफाल।**



मणिपुर के चूड़चंदपुर जिले में कुकी उग्रवादियों ने मैतेयी समुदाय के एक युवक का अपहरण कर लिया और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इससे अशांत मणिपुर में तनाव और बढ़ गया है। हत्या के विरोध में मैतेयी समुदाय के लोगों ने गुरुवार को काकचिंग जिले में प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर टायर जलाए, वाहनों को रोका और धरना दिया।इंफाल पूर्वी जिले के कुछ हिस्सों में भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

मृतक की पहचान 38 वर्षीय मयांगलांबम ऋषिकांत सिंह के रूप में हुई है।उसका विवाह कुकी आदिवासी समुदाय की युवती चिंगनु हाओकिप से हुआ था। विवाह के बाद उसने अपना नाम बदलकर गिनमिनथांग कर लिया था।पुलिस ने बताया कि ऋषिकांत सिंह का बुधवार को उसके घर से अपहरण कर लिया गया और गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के पीछे यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी का हाथ होने का संदेह है।मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने ऋषिकांत की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मामला एनआइए को सौंप दिया गया है। राज्यपाल ने कहा कि दोषियों को पकड़ने के लिए बुधवार रात से ही गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

# रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करेंगे भारत और ब्राजील



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से बात की और दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा आने वाले वर्ष में इसे और ऊंचाई पर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।उन्होंने ग्लोबल साउथ के साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए घनिष्ठ सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही ब्राजील के राष्ट्रपति का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

# पीएम मोदी का आज दक्षिण भारत दौरा

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को केरल जाएंगे।इस दौरान वे नवाचार और उद्यमिता केंद्र की नींव रखेंगे और चुनाव वाले राज्य में चार नई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। साथ ही प्रधानमंत्री शहरी आजीविका मजबूत करने के प्रयासों के तहत पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड जारी करेंगे। यह रेहड़ी पटरी वालों के लिए वित्तीय समावेशन के अगले चरण का प्रतीक है। राज्य की राजधानी में एक आधुनिक डाकघर का उद्घाटन भी करेंगे। रेल संपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम मोदी चार नई रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। इससे केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच लंबी दूरी और क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा। नई रेल सेवाओं से यात्रियों के लिए यात्रा अधिक किफायती, सुरक्षित और समयबद्ध होगी और पूरे क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, रोजगार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन मिलेगा।पीएम मोदी केरल के रेहड़ी पटरी वालों सहित एक लाख लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि ऋण भी वितरित करेंगे। विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में मोदी तिरुअनंतपुरम में सीएसआइआर-एनआइआइएसटी इनोवेशन, टेक्नोलाजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप हब की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को केरल और तमिलनाडु में जनसभाओं को संबोधित करके भाजपा के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। उनके दौरे से पहले, भाजपा के वरिष्ठ नेता और तमिलनाडु चुनाव के लिए पार्टी प्रभारी पीयूष गोयल ने सहयोगी दलों के साथ कई बैठकें कीं ताकि एकजुटता का प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके। भाजपा एएमएमके के महासचिव टी टी वी दिनाकरन और पीएमके के अंबुमणि गुट को अपने साथ लाने में सफल रही है।



# इंडिगो फ्लाइट में बम धमकी



**नई दिल्ली।**

देश में हाल के दिनों में हवाई जहाजों को बम से उड़ाने की धमकियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।22 जनवरी 2026 को दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ए 2608 में एक बार फिर बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। एयरलाइंस के अनुसार, विमान के टॉयलेट (लैवेटरी) में एक हाथ से लिखा हुआ नोट मिला, जिसमें बम होने की धमकी दी गई थी। यह नोट फ्लाइट के पुणे एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद पता चला। धमकी मिलते ही सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया, सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया और गहन जांच की गई।

# बजट सत्र से पहले सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक



**नई दिल्ली।**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू आगामी बजट सत्र से पहले 27 जनवरी को संसद के दोनों सदनों के फ्लोर लीडर्स की सर्वदलीय बैठक आयोजित करेंगे। बैठक में सत्र का एजेंडा तय होने और सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक संसद के मुख्य समिति कक्ष में होगी।उम्मीद है कि सरकार इस बैठक में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों और आगामी सत्र के दौरान दोनों सदनों के समक्ष आने वाले विधायी कामकाज पर चर्चा करेगी।बजट सत्र 28 जनवरी को शुरू होगा और दो अप्रैल तक चलेगा। इसमें एक ब्रेक होगा। पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक निर्धारित है, जबकि दूसरा चरण नौ मार्च से दो अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल 30 बैठकें होने की उम्मीद है।

# शिमला-मनाली में आंधी-तूफान के साथ बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। शिमला-मनाली में इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। बर्फबारी अभी भी जारी है। वहीं, कांगड़ा में बारिश शुरू हो गई है।शिमला में देर रात से ही तेज हवाएं चल रही हैं। चंबा में भी लगातार बारिश का दौर जारी है और कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। वहीं, वीरवार सुबह बरठीं, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, मंडी व कांगड़ा में शीतलहर चली।प्रदेश में 20 प्रमुख स्थानों पर न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम रहा।

# भविष्य के जंग के लिए सेना की नई तैयारी, क्वांटम तकनीक से लैस होगी इंडियम आर्मी, भारत के दुश्मनों की अब खैर नहीं

**नई दिल्ली।**



भारत की तीनों सेनाओं- थल सेना, नौसेना और वायु सेना- को भविष्य के युद्ध के लिए तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को 'मिलिट्री क्वांटम मिशन पालिसी फ्रेमवर्क' नामक एक महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी किया। यह दस्तावेज सेना में क्वांटम तकनीकों को चरणबद्ध तरीके से शामिल करने की नीति और रोडमैप तय करता है।रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह नीति दस्तावेज चार प्रमुख क्वांटम तकनीकों को सेना में जोड़ने पर केंद्रित है। इनमें क्वांटम कम्युनिकेशन, क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम सेंसिंग और मेट्रोलाजी, तथा क्वांटम सामग्री और उपकरण शामिल हैं। उदाहरण के लिए, क्वांटम कम्युनिकेशन से ऐसा सुरक्षित संदेश भेजा जा सकेगा जिसे हैक करना लगभग नामुमकिन होगा। वहीं, क्वांटम सेंच्सग की मदद से दुश्मन की मौजूदगी, पनडुब्बियों या मिसाइलों का पता पहले से लगाया जा सकेगा।यह नीति राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें रक्षा क्षेत्र एक अहम हिस्सा है। दस्तावेज में यह भी बताया गया है कि नागरिक और सैन्य क्षेत्रों के बीच सहयोग (सिविल-मिलिट्री फ्यूजन) के जरिए इन तकनीकों को तेजी से अपनाया जाएगा।इसके लिए अलग-अलग सरकारी विभागों के विशेषज्ञों को शामिल करते हुए विशेष संस्थागत ढांचे बनाए जाएंगे।नीति में इस बात पर खास जोर दिया गया है कि तीनों सेनाएं मिलकर-यानी आपसी तालमेल और संयुक्त प्रयासों के साथ-इन तकनीकों को अपनाएं।

# मौसम फिर बिगड़ने वाला है दिल्ली-यूपी में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली।**



उत्तर भारत में सर्दी का कहर थोड़ा हुआ है लेकिन ठंड फिर से बढ़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग ने उत्तरी भारत में एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बड़े मौसमी बदलाव की चेतावनी दी है। 23 जनवरी 2026 को विशेष रूप से 9 राज्यों में भारी बारिश, ओलावृष्टि, गरज-चमक के साथ आंधी और 40-65 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाओं की संभावना है।पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी से सड़कें बंद होने और यात्रा प्रभावित होने का खतरा है, जबकि मैदानी इलाकों में शीतलहर और कोहरे का दौर जारी रहेगा।22-23 जनवरी को कश्मीर घाटी में भारी बारिश/बर्फबारी, ऊंचाई वाले इलाकों में भारी हिमाचल और उत्तराखंड के उच्च क्षेत्रों में जारी।हेलस्टॉर्म, लाइटनिंग और तेज हवाओं (50-60 किमी/घंटा) की संभावना। 23 जनवरी को हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक, ओले गिरने और तेज हवाओं (40-65 किमी/घंटा) का अलर्ट। पंजाब में 23 को भारी बारिश संभव।उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, आगरा, मथुरा जैसे जिलों में सुबह शीतलहर। हरियाणा (गुरुग्राम, सोनीपत) और पंजाब (अमृतसर, लुधियाना) में कड़ाके की ठंड और कोहरा। तापमान में 1-2 डिग्री की गिरावट संभव। दक्षिण भारत में 25-26 जनवरी को तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल में गरज-चमक के साथ आंधी-बारिश का अलर्ट। एक और नया पश्चिमी विक्षोभ 26 जनवरी से उत्तर भारत को प्रभावित कर सकता है, जिससे मौसम की अस्थिरता बढ़ेगी। दिल्ली-एनसीआर में कल 23 जनवरी की सुबह न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है और जनवरी में दूसरी बार तापमान दो अंकों में पहुंच सकता है।हवाएं पूर्वी दिशा से चलेंगी, जो पिछले कुछ दिनों की तुलना में थोड़ी गर्म और नम होंगी। आसमान में बादलों की मोटी परत छा जाएगी और इसका असर बारिश के रूप में दिखाई देगा।

## संपादक की कलम से

# नक्शे पर पंचायत चुनाव

नक्शे पर पंचायत चुनाव और राजनीति में एक नया बहाव शुरू हो रहा है। कसौटियां-करवटें और सियासी बिंदुओं के एहसास से तरबतर माहौल में हिमाचल कुछ समय के लिए, नए विकल्प तराशेगा। पंचायत चुनाव यूं तो लोकतंत्र का पर्व सरीखा है, लेकिन देखा इसे सियासत के बनते-बिगड़ते स्वरूप के साथ ही जाता है। विडंबना यह रही कि इस बार चुनाव से पूर्व ही कसरतें चुनावों की परिपाटी को तीस अप्रैल तक पूरा करने की हिदायत तक ले आई हैं। यानी अब रोस्टर प्रक्रिया 28 फरवरी तक पूरी करके ही तय सीमा तक चुनाव परिभाषित होंगे। पंचायती चुनावों के जरिए हिमाचल अपनी अपेक्षाओं, संभावनाओं और नागरिक समाज की इच्छाओं का सियासी वर्णन देगा, तो करीब 56 लाख मतदाताओं के माध्यम से जागरूकता का एक महाकुंभ देखने को मिलेगा। अब तक 3577 पंचायतों के अलावा 71 शहरी निकायों के बीच ही अगर चुनावी गाड़ी दौड़ती है, तो यह सियासी संबोधन बदलने की एक कड़ी परीक्षा हो सकती है। भले ही पार्टी चिन्ह पर चुनाव न हों, लेकिन दावों और प्रतिदावों के बीच ये चुनाव थोड़ी हकीकत, थोड़ा अफसाना लिखेंगे। पिछली बार पंचायत चुनावों ने युवा वर्ग को आकर्षित किया था। जो बच्चे करिअर की तलाश में अपनी उपाधियों को सीधा कर रहे थे, वे भी सियासती श्रीगणेश की राह पर पंचायत चुनाव में उतरे थे। इस बार भी मूड कुछ ऐसा होगा क्योंकि राजनीति को करिअर की तरह पल्लवित होने के कई उदाहरण युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। पोलिटिकल लीडरशिप के लिए भाजपा तो बाकायदा एक अभियान लांच कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लाख युवाओं को सीधे भारतीय राजनीति का स्तंभकार बनाने का सोचा है। इसी परिप्रेक्ष्य में सांसद अनुराग ठाकुर ने आज एक कार्यक्रम धर्मशाला में रखा है। राजनीतिक व्यवहार बदल रहा है। सार्वजनिक संबोधन से लेकर राष्ट्रीय नीतियों व कार्यक्रमों की पहली कार्यशाला पंचायत से शुरू होती है और इस गणित में अगर स्किल है, तो यह महज चुनाव नहीं, राष्ट्रीय उत्थान का फलक है। हिमाचल में अमूमन स्थानीय निकायों के चुनावी गणित में विपक्ष का मुंह खुल जाता है और परिणामों की खेप में कई अलिखित-अघोषित दावे शुरू हो जाते हैं। हिमाचल की वास्तविक सियासत होती भी ग्रामीण क्षेत्रों में ही है, इसलिए इस बार भाजपा इतनी सक्रिय है कि उसने पंचायती चुनाव की प्रक्रिया को ही सियासी मुद्दा बना दिया था। जाहिर है अगले कुछ दिन व लगातार दो-ढाई महीने इन्हीं चुनावों में बुने या गुजारे जाएंगे। प्रदेश के विकास का ढांचा, योजनाओं का खाका, जन कल्याणकारी योजनाएं और कार्यक्रमों के संदर्भ जब गूंजेंगे, तो मुद्दों की बात स्थानीय चरित्र पर आकर प्रतिनिधि ढूंढेगी। विडंबना यह है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव जातिवाद से खेलने लगते हैं और इस तरह पसंद-नापसंद के बीच संकीर्णता के दायरे और संकरे हो जाते हैं। शहरी निकायों में भी स्थानीय स्वशासन की वांछित काबिलीयत दर्ज नहीं होती। पार्षद समझ ही नहीं पाते कि शहर को आर्थिकी व रोजगार के केंद्र में बदलने के लिए क्या करना होगा। हिमाचल की आर्थिकी, ग्रामीण एवं शहरी विकास के जरिए रोजगार के नए अवसर ढूंढने के लिए क्या स्थानीय निकाय चुनाव, शृंगार कर पाएंगे या ये सारी करवटें सत्ता बनाम विपक्ष की सियासी मजबूरियों, प्रभाव या प्रलोभन में ही गुजर जाएंगे।



ललित शर्मा
संपादक

## कविता

### अनपढ़ पूत है यमदूत



उदय किशोर साह

अनपढ़ पूत है काला यमदूत
औलाद के नाम पे है ये अछुत
मत करना इनपे अभिमान
इनके कृत्य होता है दुष्परिणाम

गाँव समाज का है ये एक कोढ़
अड़ियल टट्टू से इनका गठजोड़
सभ्य के माथे पे कलंक का टीका
मूढ़ गवांर जाहिल सलीका

कुतर्क की दुनियाँ का ये विद्वान
इनके पोर पोर में भरा है गुमान
बात बात में ये करता है झगड़ा
पर तन मन से होता मोटा तगड़ा

किसी का बात कहाँ ये सुनता
वाद विवाद का ताना बाना बुनता
बच के रहना ऐसे नीच से भाई
परिवार की बैरी है ये मेरे ताई

इन अनपढ़ से सौ हाथ दूर ही रहना
इनकी बातों को चुपचाप रह सहना
ये करता है डंडा से सीधा ही वार
जानलेवा होता है मूरख का प्रहार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# 'भारत का पहला गांव', यहीं दिखती है



उत्तराखंड की खूबसूरती देखने के लिए लोग दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। वैसे तो नैनीताल-मसूरी जैसे खूबसूरत हिल स्टेशन घूमने के लिए जाता है, लेकिन क्या आपने भारत के पहले गांव के बारे में सुना है। भारत का पहला गांव कई मायनों में बेहद खास है।

घूमने के शौकीन लोगों के लिए अपने देश भारत में कई जगहें मौजूद हैं। भारत देश में कई ऐसी जगहें मौजूद हैं, जो अपनी खूबसूरती के अलावा खासियत के लिए जानी जाती है। इन्हीं में से एक उत्तराखंड है, जिसको देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखंड की खूबसूरती देखने के लिए लोग दूर-दूर से लोग यहां आते हैं। वैसे तो नैनीताल-मसूरी जैसे खूबसूरत हिल स्टेशन घूमने के लिए जाता है, लेकिन क्या आपने भारत के पहले गांव के बारे में सुना है। भारत का पहला गांव कई मायनों में बेहद खास है। यह न सिर्फ बेहद खूबसूरत है, बल्कि ऐतिहासिक जगह भी हैं। अगर आपको नहीं पता है कि भारत का पहला गांव किसे कहते हैं, तो बता दें कि उत्तराखंड के माणा गांव को भारत का पहला गांव कहा जाता है। माणा गांव सिर्फ घूमने के लिए नहीं बल्कि धार्मिक मान्यताओं की वजह से भी खास है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको माणा गांव की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।

**माणा गांव की खासियत**

बता दें कि उत्तराखंड के चमोली जिले में मौजूद माणा गांव भारत-तिब्बत सीमा के काफी नजदीक है। माणा गांव की दूरी बद्रीनाथ धाम से सिर्फ 3 किमी दूर है। यह गांव इतिहास और संस्कृति का खजाना है, जिसके कण-कण में अतीत की झलक देखने को मिलती है। माणा गांव की खासियत यह है कि यह भारत की इकलौती ऐसी जगह है, जहां पर सरस्वती नदी देखने को मिलती है। साथ ही इस जगह हो लेकर यह भी कहा जाता है कि माणा गांव स्वर्ग जाने का रास्ता है।

**क्यों नाम पड़ा माणा गांव**

मणिभद्र देव के नाम पर इस गांव का नाम माणा रखा गया है। यह धरती पर इकलौती ऐसी जगह मानी जाती है, जिसको चारों धाम से भी ज्यादा पवित्र माना जाता है। माणा गांव को शापमुक्त और पापमुक्त माना जाता है। यहां की एक मान्यता महाभारत काल से भी जुड़ी है। माना जाता है कि जब पांडव स्वर्ग की ओर जा रहे थे, तो वह इसी गांव से होकर गुजरे थे। इस गांव में एक भीम पुल भी मौजूद है, जिसको लेकर मान्यता है कि रास्ते के एक झरने को पार करने के लिए महाबली भीम ने चट्टान फेंककर पुल बनाया था।

**बेहद खूबसूरत है माणा गांव**

पौराणिक और धार्मिक मान्यता के मुताबिक माणा गांव अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। यह गांव हिमालय के पहाड़ों से घिरा है और अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। आप माणा गांव में कई खूबसूरत जगहों का दीदार कर सकते हैं। आप यहां पर व्यास गुफा, सरस्वदी नदी, वसुंधरा फॉल्स और तप्त कुंड आदि देख सकते हैं।

# दावोस 2026 का कूटनीतिक विद्रोह और बदलती विश्व व्यवस्था- अमेरिका फर्स्ट से वैश्विक फ्रैक्चर तक-एक निर्णायक मोड़ का समग्र विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर 19-23 जनवरी 2026 को स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की 56वीं वार्षिक बैठक इतिहास में केवल आर्थिक बहसों के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका और उसके परंपरागत सहयोगियों के बीच खुले कूटनीतिक टकराव के लिए याद की जाएगी।यह वही मंच है,जहाँ वैश्विक सहमति बनती रही है, लेकिन इस बार वैश्विक असहमति ने स्वर लिया।ट्रंप का यह दूसरा कार्यकाल अब स्पष्ट रूप से संकेत दे रहा है कि अमेरिका फर्स्ट अब अमेरिका अलोन की ओर बढ़ रहा है, और यही बात यूरोप,कनाडा और ब्रिटेन जैसे देशों के लिए असहनीय बनती जा रही है।22 जनवरी को ट्रंप जब दावोस के लिए रवाना हो रहे थे, तभी उनके विमान में तकनीकी खराबी आ गई।उन्हें सीमा क्षेत्र में आपात लैंडिंग करनी पड़ी और फिर दूसरे विमान से दावोस पहुँचना पड़ा।यह घटना केवल एक तकनीकी व्यवधान नहीं थी,बल्कि कई विश्लेषकों ने इसे अमेरिकी नेतृत्व की अस्थिरता का प्रतीकात्मक संकेत माना।योजना के अनुसार ट्रंप को 45 मिनट का भाषण देना था, लेकिन उन्होंने 70 मिनट तक मंच पर रहकर यूरोप,नाटो, कनाडा और वैश्विक व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। यह भाषण रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक और चेतावनी-भरा था। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह समझता हूं कि ट्रंप का दावोस भाषण यह स्पष्ट करता है कि वे अब साझेदारी की भाषा छोड़ चुके हैं और शक्ति की राजनीति को खुलकर अपना चुके हैं।उनके भाषण के पाँच प्रमुख बिंदु (1) ग्रीनलैंड की सुरक्षा केवल अमेरिका कर सकता है,संप्रभुता पर खुली चुनौती (2)(3) कनाडा अमेरिका की वजह से है,मित्र राष्ट्र का अपमान (4) नाटो पर ट्रंप का अविश्वासः सुरक्षा गठबंधन की नींव हिलती हुई (5) ग्रीनलैंड के लिए ताकत का इस्तेमाल नहीं करेंगेलेकिन शर्तों के साथ यह पांचो बातें विश्व राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालते हैं।




साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा दाओस 2026 में 70 मिनट के भाषण में पांच बातों को विस्तार से समझने की करें तो (1) ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ग्रीनलैंड की सुरक्षा केवल अमेरिका कर सकता है,और यह किग्रीनलैंड अमेरिका के लिए रणनीतिक रूप से अनिवार्य है।यह बयान डेनमार्क और यूरोपीय यूनियन की संप्रभुता पर सीधा आघात है।ग्रीनलैंड न केवल आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है,बल्किदुर्लभ खनिजों,सामरिक समुद्री मार्गों, और भविष्य की ऊर्जा राजनीति का केंद्र भी है। ट्रंप का यह दावा बताता है कि अमेरिका अब अंतरराष्ट्रीय कानून से ऊपर स्वयं को मानने की मानसिकता में प्रवेश कर चुका है।(2) ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध करने के लिए ट्रंप ने डेनमार्क को अहसान -फरामोश कहा। यह भाषा किसी राष्ट्राध्यक्ष की नहीं, बल्कि कॉरपोरेट बॉस या गैंग लीडर की शैली जैसी प्रतीत होती है।यही कारण है कि यूरोपीय सांसदों और मीडिया ने ट्रंप को इंटरनेशनल गैंगस्टर तक कहा। यह छवि अब केवल आलोचना नहीं, बल्कि वैश्विक धारणा बनती जा रही है। (3) ट्रंप ने कहा कि आज का कनाडा अमेरिका की वजह से है,और कनाडा के पीएम को यह याद रखना चाहिए।यह बयान न केवल ऐतिहासिक रूप से भ्रामक है, बल्कि कनाडा की संप्रभुता और आत्मसम्मान पर सीधा हमला है।यही कारण है कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कारने का भाषण दावोस का सबसे चर्चित भाषण बन गया।मार्क कारने का जवाब,झूठ की दुनिया बनाम सम्मान की राजनीति मार्क कारने ने कहा, हम एक झूठ की दुनियाँ में जी रहे हैं, जहाँ कमजोर देशों से यह उम्मीद की जाती है कि वे ताकतवर देशों के सामने झुक जाएँ। यह सोच कि इससे उनके हित सुरक्षित रहेंगे,एक प्रकार की गुलामी है और यह अब नहीं चलेगी। उनकी पाँच मुख्य बातें स्पष्ट संकेत देती हैं कि अमेरिका -केंद्रित वैश्विक व्यवस्था अब टूट रही है।(4)ट्रंप ने कहा कि उन्हें शक है कि जरूरत पड़ने पर नाटो अमेरिका की मदद करेगा या नहीं।यह बयान नाटो जैसे संगठन की आत्मा पर प्रहार है।यदि अमेरिका स्वयं अपने बनाए गठबंधन पर विश्वास नहीं करता,तो यूरोप क्यों भरोसा करे ?छोटे देश क्यों आश्वस्त रहें ?यही कारण है कि यूरोप अब स्वतंत्र सुरक्षा संरचना पर गंभीरता से विचार कर रहा है।(5) ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ग्रीनलैंड हासिल करने के लिए ताकत का इस्तेमाल नहीं करेगा,लेकिन यह कथन किसी आश्वासन की तरह नहीं, बल्कि रणनीतिक दबाव जैसा लगा।इतिहास गवाह है कि अमेरिका पहले ताकत नहीं कहता है,फिर आर्थिक दबाव,प्रतिबंध,और अंततः सैन्य उपस्थिति के जरिए लक्ष्य हासिल करता है। साथियों बात अगर हम भारत- यूरोप- अमेरिका त्रिकोण : रणनीतिक संतुलन की नई परीक्षा इसको समझने की करें तो,भारत-यूरोप-अमेरिका का त्रिकोण लंबे समय तक लोकतांत्रिक मूल्यों, मुक्त व्यापार और साझा सुरक्षा हितों पर आधारित माना जाता रहा है, लेकिन ट्रंप युग की आक्रामक अमेरिका फर्स्ट नीतिने इस संतुलन को अस्थिर कर दिया है। यूरोप अब खुलकर अमेरिकी दबावों का विरोध कर रहा है, जबकि भारत इस टकराव में प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने की नीति पर चल रहा है। भारत के लिए यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों है,अवसर इसलिए कि यूरोप अब भारत को एक भरोसेमंद आर्थिक और राजनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है, और चुनौती इसलिए कि अमेरिका अब साझेदारी को बराबरी नहीं,बल्कि अधीनता की शर्तों पर परखना चाहता है।इस त्रिकोण में भारत की भूमिका बैलेंसिंग पावर की बनती जा रही है। यूरोप भारत के साथ व्यापार, टेक्नोलॉजी और सप्लाई-चेन में सहयोग बढ़ाना चाहता है, जबकि अमेरिका भारत को चीन-विरोधी रणनीति के एक औजार की तरह देखता है। ऐसे में भारत के लिए स्पष्ट है कि उसे किसी एक ध्रुव में बंधने के बजाय मल्टी-अलाइनमेंट की नीति को और मजबूत करना होगा।दावोस 2026 के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि आने वाले वर्षों में भारत-यूरोप संबंध अधिक गहरे होंगे, जबकि अमेरिका के साथ रिश्ते हित-आधारित लेकिन सतर्क रहेंगे।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता : शक्ति बनाम नियमों की टकराहट इसको समझने की करें तो,अंतरराष्ट्रीय कानून की मूल आत्मा संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और आपसी सहमति पर आधारित है, लेकिन ट्रंप की भाषा और दावोस में दिए गए बयान इन सिद्धांतों को चुनौती देते दिखाई देते हैं। ग्रीनलैंड को लेकर सुरक्षा के नाम पर दावा करना,डेनमार्क जैसे संप्रभु देश को अपमानित करना और सहयोगी देशों पर दबाव बनाना यह दशार्ता है कि अमेरिका अब नियम-आधारित व्यवस्था से शक्ति-आधारित व्यवस्था की ओर झुक रहा है। यह रुख केवल यूरोप के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक खतरनाक मिसाल बन सकता है।भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है क्योंकि भारत हमेशा से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संप्रभुता और गैर- हस्तक्षेप का पक्षधर रहा है। यदि शक्तिशाली देश खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानून की अनदेखी करने लगें, तो छोटे और मध्यम देशों की सुरक्षा और स्वायत्तता खतरे में पड़ सकती है। इसी कारण भारत और यूरोप दोनों के हित इस बात में निहित हैं कि वे संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और बहुपक्षीय संस्थाओं को मजबूत करें। दावोस 2026 यह स्पष्ट संकेत देता है कि आने वाले समय में वैश्विक राजनीति का सबसे बड़ा संघर्ष कानून बनाम ताकतके बीच होगा, और इसी संघर्ष में नई विश्व व्यवस्था का स्वरूप तय होगा।

साथियों बात अगर हम 23 जनवरी 2026 को समाप्त हुई दओस बैठक की करें तो इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यूरोपीय नेता अब बंद कमरों में नहीं,खुले मंच से ट्रंप का विरोध कर रहे हैं।फ्रांस के राष्ट्रपति एम्मानुएल मैक्रों ने कहा,यूरोप को अब अमेरिका की ताकत के सामने झुकने की आदत छोड़नी होगी।ब्रिटेन के पीएम ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड मुद्दे पर और टैरिफ धमकियों पर अमेरिका के दबाव में नहीं झुकेंगे।यह बयान इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि ब्रिटेन अमेरिका का सबसे करीबी सहयोगी माना जाता रहा है।अब व्यक्तिगत अहंकारों से संचालित हो रही है।अमेरिका फर्स्ट से विश्व फर्स्ट की टकराहट,ट्रंप का अमेरिका फर्स्ट अब स्पष्ट रूप से बहुपक्षीय संस्थाओं,अंतरराष्ट्रीय नियमों,और साझी जिम्मेदारियों के खिलाफ खड़ा दिखाई देता है। इसके विपरीत, यूरोप और कनाडा सम्मान, साझेदारी और संतुलन की बात कर रहे हैं।दावोस 2026 यह संकेत देता है कि अमेरिका का निर्विवाद नेतृत्व समाप्त हो रहा है,दुनियाँ बहुध्रुवीय नहीं,बल्कि खंडित हो रही है। यह बदलाव किसी नए संतुलन की ओर नहीं,बल्कि अनिश्चितता और टकराव की ओर संकेत करता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि दावोस 2026 इतिहास का मोड़ हैं, दावोस 2026 केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि अमेरिका और उसकेसहयोगियों के बीच विश्वास के टूटने का दस्तावेज बन गया है।डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक भाषा,यूरोप का खुला प्रतिरोध,कनाडा और ब्रिटेन की स्पष्ट असहमति ये सब संकेत हैं कि पुरानी विश्व व्यवस्था अब टिकाऊ नहीं रही।दुनिया किसी नए नेतृत्व की ओर नहीं, बल्कि नए संघर्षों और नई सच्चाइयों की ओर बढ़ रही है। यह केवल ट्रंप युग नहीं, बल्कि एक युगांत का संकेत है।



गोंदिया

# सिद्धि विनायक महाविद्यालय में बाबा पातीराम इंटर कॉलेज ने जीता पुरुष कबड्डी का फाइनल

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धी विनायक महाविद्यालय में आयोजित युवा प्रतिभा महोत्सव में बालक वर्ग का कबड्डी में कबड्डी फाइनल मैच का रोमांचक आयोजन हुआ। बालक वर्ग के कबड्डी फाइनल मैच का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक नंद किशोर शर्मा एडवोकेट, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया। फाइनल कबड्डी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके उनका उत्साहवर्धन किया। बालक वर्ग कबड्डी का फाइनल बाबा पातीराम इंटर कॉलेज पालीखेड़ा ने जीता। अडींग के दीनदयाल इंटर कॉलेज की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग टीम के अन्य मैच कुलदीपक पब्लिक गोवर्धन, रामचन्द्र इंटर कॉलेज, शांतनु बिहारी इंटर कॉलेज, दीनदयाल इंटर, वात्सल्य इंटर कॉलेज व अन्य दर्जनों टीमों के बीच जोरदार कांटे के मुकाबले हुये। आगुंतकों का स्वागत सचिव श्रीमति मधु शर्मा, सह निदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर किया। विधि विभागाध्यक्ष भारत उपाध्याय एडवोकेट ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। रेफरी की भूमिका पीटीआई दिलीप यादव ने निभाई।

कबड्डी प्रतियोगिता की टीमों में मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर, बाबा खुशहाल दास इंटर कॉलेज, दीनदयाल इंटर कॉलेज, बाबा पातीराम इंटर कॉलेज, धानुका इंटर कॉलेज, गायत्री ग्लोबल इंटर कॉलेज, सीएस इंटर कॉलेज, एसपीएस इंटर कॉलेज, श्यामसुंदर बांके बिहारी इंटर कॉलेज, तिलक सिंह इंटर कॉलेज, एमबी इंटर कॉलेज, एमजीएस इंटर कॉलेज, ध्रुव पब्लिक स्कूल, शिवलाल शांतनु इंटर कॉलेज, राधा माधव इंटर कॉलेज, लॉर्ड कृष्ण इंटर कॉलेज, निबोधिता इंटर कॉलेज रामचंद्र इंटर कॉलेज आदि दर्जनों टीमों ने प्रतिभा किया

# नियमित अखबार पढ़कर छात्र बढ़ा रहे अपना

वेलकम इंडिया




**मथुरा/बलदेव।** छात्रों में पढ़ने की संस्कृति को मजबूत करने, उनके शब्द भंडार को बढ़ाने और मोबाइल स्क्रीन पर समय बिताने की प्रवृत्ति को कम करने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर के छात्रों को प्रार्थना सत्र में दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अखबार पढ़ने का कराया जा रहा है नियमित अभ्यास। इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा 23 दिसंबर को एक प्रशासनिक आदेश जारी किया गया था, जिसमें प्रत्येक विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतिष्ठित हिंदी और अंग्रेजी अखबार रखने और नियमित रूप से छात्रों से वाचन कराने को कहा गया था। इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि विद्यालय में छात्रों के बीच पढ़ने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से प्रार्थना सभा में नियमित रूप से अखबार पढ़ने और मुख्य खबरों पर चर्चा करने की शुरूआत की गई है। इस पहल के माध्यम से छात्रों में मोबाइल स्क्रीन के बजाय अखबार के माध्यम से पढ़ने की आदत डालकर उनकी एकाग्रता को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अखबार वाचन से छात्रों को कठिन शब्दों का अभ्यास करने, शब्दावली बढ़ाने, देश-दुनिया, खेल, विज्ञान, संस्कृति और शिक्षा से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में मदद मिल रही है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रारंभ की गई स्कूलों में अखबार पढ़ने की यह पहल शिक्षा को जीवन से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास साबित हो रही है, यह बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें जागरूक, विवेकशील और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगी।

# सौंख में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 28 जनवरी को

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार जनजागृति एसोसिएशन के तत्वाधान में सौंख में हाल ही में गठित नगर संगठन इकाई का शपथ ग्रहण समारोह 28 जनवरी को 12 बजे से होगा।राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सौंख स्थित जमुना उत्सव मैरिज होम सौंख पर 28 जनवरी को शपथ ग्रहण एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम 12 बजे शुरू होगा।1 बजे शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा।एवं सम्मान समारोह का आयोजन 2 बजे से होगा।राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुजीत वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण पत्र वितरित करने का क्रम चल रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष छगन लाल वर्मा,युवा प्रदेश अध्यक्ष सौरभ वर्मा,राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश वर्मा,राष्ट्रीय सचिव मनसुख लाल सोनी,गोपेश सोनी,सुनील वर्मा अध्यक्ष सौंख सहित कार्यकारणी के पदाधिकारी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# मेरठ के शताब्दी नगर में ह्यविकास का गड्ढा, प्रशासन बेखबर

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** शॉप्रिक्स मॉल के पास शताब्दी नगर क्षेत्र में बीच सड़क पर बना एक गड्ढा पिछले कई महीनों से प्रशासन की उदासीनता का जीता-जागता सबूत बन गया है। यह गड्ढा न सिर्फ सड़क की हालत बयां कर रहा है, बल्कि रोजाना दोपहिया वाहन चालकों की जान के साथ खिलवाड़ भी कर रहा है। स्थिति यह है कि व्यस्त सड़क के बीच बने इस गड्ढे में आए दिन बाइक और स्कूटी सवार फिसलकर गिर रहे हैं। अचानक सामने गड्ढा दिखने पर जैसे ही चालक ब्रेक लगाता है, पीछे से आ रहा भारी वाहन टक्कर मार देता है। नतीजा– चोटें, नुकसान और कभी-कभी बड़ा हादसा टल जाना, मानो किस्मत का खेल हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते से रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन नगर निगम और संबंधित विभागों को यह गड्ढा महीनों से दिखाई नहीं दे रहा। बारिश या सीवर लीकेज के कारण गड्ढे में पानी भर जाता है, जिससे रात के समय खतरा और बढ़ जाता है। सवाल यह है कि क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है शहर में स्मार्ट सिटी के दावे किए जाते हैं, लेकिन शताब्दी नगर का यह गड्ढा उन दावों पर करारा तंज कसता नजर आता है। न चेतावनी बोर्ड, न बैरिकेडिंग और न ही मरम्मत–बस सड़क के बीच मौत का न्योता खुला पड़ा है स्थानीय नागरिकों ने कई बार शिकायत करने की बात कही है, मगर हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। अब लोग पूछ रहे हैं कि अगर यही गड्ढा किसी अधिकारी के घर के सामने होता, तो क्या महीनों तक यूं ही पड़ा रहता?

प्रशासन से मांग है कि तत्काल इस गड्ढे को भरवाकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, वरना किसी दिन यह लापरवाही किसी की जान पर भारी पड़ सकती है–और तब जिम्मेदारी किसकी होगी?

# कुलपति ने किया चतुर्थ वर्ष उत्कृष्ट वर्ष पत्रिका का विवेचन




वेलकम इंडिया

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय के कार्यकाल के 4 वर्ष पूरे होने पर चतुर्थ वर्ष उत्कर्ष वर्ष पत्रिका का विमोचन प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय द्वारा गांधी सभागार में किया गया। पत्रिका के अंदर विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ ही छात्र-छात्राओं ने कुलपति द्वारा इन चार वर्षों में किए गए महत्वपूर्ण उत्कृष्ट कार्य पर अपने शुभकामना संदेश दिए हैं। पत्रिका के संपादक प्रोफेसर मुन्ना तिवारी ने बताया कि यह पत्रिका कुलपति के विभिन्न वर्षों के कार्यकाल की श्रृंखला में चौथी पत्रिका है।इसके पूर्व एक वर्ष श्रेष्ठ वर्ष, द्वितीय वर्ष आअद्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष बेहतरीन वर्ष के क्रम में चौथी प्रस्तुति है। इस पत्रिका के संपादक मंडल में डॉक्टर अनुपम व्यास अनिल बोहरे एवं डॉ अतुल खरे ने योगदान दिया है।

# जहांगीरपुरी थाना के रलड और उनकी टीम की बेहतरीन कार्य



एहसान अंसारी

_**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिम जिला के थाना जहांगीर पुरी की टीम द्वारा एक चोर सह झपटमार को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान दीपांशु पुत्र बाबू लाल, निवासी जहांगीर पुरी, दिल्ली, आयु 24 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के घर से शिकायतकर्ता के दो चोरीशुदा मोबाइल फोन तथा घटना के समय आरोपी द्वारा पहने गए कपड़े बरामद किए गए हैं। आरोपी दीपांशु आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया है, जो पूर्व में झपटमारी, चोरी एवं आर्म्स एक्ट के 07 मामलों में संलिप्त रहा है। वह थाना जहांगीर पुरी का बदमाश (बीसी) है। उसने आसान पैसा कमाने की लालसा में आपराधिक गतिविधियों का सहारा लिया। दिनांक 18.01.2026 को प्रातः लगभग 09:08 बजे थाना जहांगीर पुरी में एक घर में सेंधमारी एवं दो मोबाइल फोन चोरी होने के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना पर पुलिस स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा, जहां शिकायतकर्ता श्री पुनीत पुत्र कुंवर पाल, निवासी जहांगीर पुरी, दिल्ली से मुलाकात हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि मध्य रात्रि लगभग 05:00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पास की निमार्णाधीन इमारत के माध्यम से उसके घर में दाखिल हुआ। आरोपी ने टॉर्च जलाकर घर की तलाशी ली। शिकायतकर्ता के जाग जाने पर आरोपी मौके से दो मोबाइल फोन (एक आई-फोन तथा एक रेडमी फोन) चोरी कर फरार हो गया।

# मेरठ पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, शोक संतप्त परिवारों से की मुलाकात



उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री बृजेश पाठक सोमवार को मेरठ पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने हाल ही में सड़क हादसे में दिवंगत हुए संजय त्यागी के पुत्र अंकित त्यागी के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मेरठ महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी के आवास पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने विवेक रस्तोगी की माता जी का हालचाल जाना और परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत मे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि कुछ दिन पूर्व संजय त्यागी के पुत्र अंकित त्यागी की एक सड़क दुर्घटना में दुखद मृत्यु हो गई थी। इसी कारण वे शोकाकुल परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे। साथ ही आज विवेक रस्तोगी के परिवार से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं अत्यंत पीड़ादायक होती हैं और सरकार हर दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उपमुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल की स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकताओं ने सराहना की।

# शोध लेखन में दक्षता बढ़ाने पर पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सम्पन्न

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** मेरठ बिजनेस स्कूल, एमआईटी के बीबीए विभाग द्वारा 12 से 16 जनवरी 2026 तक ह्लरिसर्च राइटिंग टूल्स एंड टेक्नीक्सह्व विषय पर पाँच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का सफल आयोजन किया गया। इस एफडीपी में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से लगभग 35 प्रतिभागियों ने ऑफलाइन तथा 125 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया, जबकि नाइजीरिया के दो प्रोफेसरों की सहभागिता ने कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक महोदय एवं प्राचार्य महोदय द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ किया गया। इस अवसर पर बीबीए विभागाध्यक्ष सुश्री हिमानी मिश्रा ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया। एफडीपी के समन्वयक डॉ. अंकुर गोयल (डीन मैनेजमेंट) एवं सुश्री हिमानी मिश्रा (एचओडी-बीबीए) रहे। बीबीए विभाग के समस्त संकाय सदस्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। एफडीपी के पहले दिन देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से लगभग 95 प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े, जिनमें नाइजीरिया से एक प्रतिभागी भी शामिल रहा। डॉ. अंकुर गोयल ने रिसोर्स पर्सन के रूप में जर्नल मेट्रिक्स, एआई टूल्स फॉर रिसर्च राइटिंग, रिसर्च पेपर एनाटॉमी, सामान्य त्रुटियाँ एवं प्रकाशन नैतिकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। दूसरे दिन डॉ. राजेश वर्मा (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी) ने प्रभावी शोध प्रस्तावना, शोध पद्धति एवं निष्कर्ष लेखन पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया।

तीसरे दिन आकांक्षा त्यागी (आईएमएस गाजियाबाद) ने डाइमेंशन्स से शोध पत्र खोजने तथा वॉविएवेर के माध्यम से बिब्लियोमेट्रिक एनालिसिस पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किया।

# 25 फरवरी को लठमार होली, एक दिन पहले 24 फरवरी को होगी लड्डू होली

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** कान्हा की नगरी ब्रज में आनंद और उल्लास का महापर्व होली दस्तक देने वाला है। यहां होली केवल एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि पूरे 40 दिनों तक चलने वाला एक अलौकिक उत्सव है। यहां बसंत पंचमी के साथ ही हवाओं में अबीर-गुलाल की खुशबू घुलने लगती है। आज से (बसंत पंचमी) ब्रज में होली के उल्लास की विधिवत शुरूआत हो जाएगी। योगी सरकार ने ब्रज की इस अलौकिक परंपरा को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए 'रंगोत्सव 2026' की भव्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद एवं जिला प्रशासन इस बार भी होली को दिव्य और भव्य बनाने में जुटा है। देश-विदेश के श्रद्धालु इस दिव्य रंगोत्सव में शामिल होंगे। बसंत पंचमी पर गड़ेगा होली का डांडा ब्रज में होली की विधिवत शुरूआत बसंत पंचमी से मानी जाती है। इस दिन ब्रज के प्रमुख मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ 'होली का डांडा' गाड़ा जाएगा। यह प्रतीक है कि कान्हा की नगरी में अब रंगों के त्योहार होली का आगमन हो चुका है। बसंत पंचमी से ही मंदिरों में ठाकुर जी को गुलाल लगाया जाना शुरू हो जाएगा और समाज गायन के साथ फाल्गुन के गीतों की स्वर लहरियां गूंजने लगेंगी। अगले 40 दिनों तक भक्त और भगवान प्रेम और भक्ति के रंगों में सराबोर रहेंगे। रंगोत्सव में सजेगा ब्रज रंगोत्सव 2026 को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मथुरा जनपद के विभिन्न स्थानों पर 23 भव्य प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। इनमें बरसाना में 5, नंदगांव में 4, मथुरा में 5, रावल, गोकुल, बलदेव और फालैन में 2- 2 तथा महावन में 1 द्वार शामिल है। इसके अलावा, बरसाना, नंदगांव और मथुरा के प्रमुख स्थानों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 25 छोटे स्टेज भी बनाए जाएंगे। पर्यटकों के लिए मथुरा के प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किए जाएंगे। प्रमुख मंदिरों में होगी विशेष लाइटिंग योगी सरकार ने इस बार लाइटिंग व्यवस्था पर विशेष जोर दिया है। श्री राधा रानी मंदिर (बरसाना) और श्री नंद मंदिर (नंदगांव) में विशेष फसाड लाइटिंग ) की जाएगी। इसके अलावा, मथुरा के होली गेट, विश्राम घाट, गाजीपुर मंदिर, संकेत मंदिर, रावल स्थित राधा रानी मंदिर, गोकुल के नंद किला, फालैन के प्रहलाद मंदिर और बलदेव के दाऊजी मंदिर पर भव्य विद्युत सजावट की जाएगी। 800 कलाकार बिखेरेंगे संस्कृति के रंग रंगोत्सव केवल रंगों का ही नहीं, बल्कि ब्रज की लोक कला का भी उत्सव है। 24 और 25 फरवरी को बरसाना स्थित राधा बिहारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बार 70 से अधिक सांस्कृतिक समूहों के 800 से ज्यादा कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसमें स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका मिलेगा, जिससे ब्रज की लोक संस्कृति जीवंत हो उठेगी। 25 फरवरी को लठमार होली होली के कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठमार होली होगी, जो इस बार 25 फरवरी 2026 को खेली जाएगी। इससे ठीक एक दिन पहले, 24 फरवरी को राधारानी मंदिर में 'लड्डू होली' का आयोजन होगा, जहां भक्तों पर प्रसाद रूपी लड्डुओं की बरसात की जाती है।

मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी स्वयं रंगोत्सव में गहरी रुचि रखते हैं और अक्सर इसमें शामिल होकर संतों के साथ होली खेलते हैं। प्रशासन को स्पष्ट निर्देश हैं कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए।

# पूर्व प्रधान के प्रयास से सड़क निर्माण कार्य चालू, राजनीतिक सरगर्मी तेज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी खंड विकास क्षेत्र के गांव गंगेरू में पूर्व ग्राम प्रधान संजीव चौधरी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू कराए जाने से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। यह कार्य मोहल्ला टोलियान मस्जिद के पास किया जा रहा है।पंचायत चुनाव से ठीक पहले इस पहल ने गांव के राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। जानकारी के अनुसार, उक्त मोहल्ले की सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण इरफान ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार वर्तमान ग्राम प्रधान का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने अपने स्तर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया। पूर्व प्रधान द्वारा सड़क निर्माण शुरू किए जाने से ग्रामीणों में संतोष और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय बाद मोहल्ले की समस्या का समाधान होता दिख रहा है। इस घटनाक्रम के बाद गांव गंगेरू में पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज हो गई हैं। समर्थकों के बीच आगामी चुनाव में समर्थन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सड़क निर्माण को लेकर उठी यह पहल गांव की राजनीति में नई हलचल का कारण बन गई है। इस दौरान मौके पर इरफान, सद्दाम, गुल्लू, सैफ अली, साजिद, इमरान, छोटा इरफान और कुरबान सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। पूर्व प्रधान संजीव चौधरी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद उन्होंने अपने स्तर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया है, ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी न हो।उन्होंने यह भी कहा कि यदि जनता उन्हें दोबारा मौका देती है, तो वह गांव को विकास की ओर ले जाएंगे और क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे।



# ग्रापए के मेहदावल तहसील उपाध्यक्ष के निधन से शोक की लहर

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील मेहदावल के उपाध्यक्ष रफीक अहमद के निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। प्रदेश महामंत्री डॉ. संजय द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष डॉ. बलराम त्रिपाठी, संतकबीरनगर जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास्तव,मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर, अतीक अहमद, महबूब पठान, अश्विनी पाण्डेय, अतुल सिंह, अतहरूल बारी, जेड ए करखी, मोहम्मद अदनान, मसरूर अहमद, मनव्वर हुसेन, गंगेश्वर मिश्रा, सुभाष मणि त्रिपाठी, तरीकत हुसैन सिद्दीकी, उबैदुर्रहमान, नूर आलम, खुर्शीद आलम, तौफीक अहमद, मोहम्मद अहमद, विनोद भारद्वाज, हरिओम चौधरी आदि ने गहरा दुख व्यक्त किये हैं साथ ही इसे अपूर्णीय क्षति बताया है।

# बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, चोरी पकड़ी, बकायदारों के कनेक्शन काट



**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू में गुरुवार को विद्युत विभाग एवं विजिलेंस टीम ने संयुक्त रूप से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान गांव के दर्जनों घरों में जांच की गई, जिसमें कई स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी गई, वहीं लंबे समय से विद्युत बिल बकायावाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। कार्रवाई से गांव में हड़कंप की स्थिति बनी रही।विद्युत विभाग के अवर अभियंता किशोर गौतम तथा विजिलेंस टीम के प्रभारी सुधीर कुमार के नेतृत्व में संयुक्त अभियान चलाया गया। टीम ने गांव में घर-घर जाकर मीटरों की जांच की और अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई। दोनों टीमों ने कई घरों में बिजली चोरी भी पकडीअभियान के दौरान विद्युत बिल जमा न करने वाले कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए, जबकि कुछ लोगों को शीघ्र बकाया बिल जमा करने की सख्त हिदायत दी गई। विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें और अवैध रूप से बिजली का उपयोग न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अवर अभियंता किशोर गौतम ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह चेकिंग अभियान चलाया गया है। आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, ताकि बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सके और राजस्व की हानि को रोका जा सके। उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही बिजली छुट की भी जानकारी दी गई है।

# नाबालिग किशोरी को जबरदस्ती ले जाने का आरोप, दो नामजद

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी व्यक्ति ने गैर समुदाय के दो युवकों पर पीड़ित की नाबालिग पुत्री को घर में घुसकर जबरदस्ती अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी घर में रखी हजारों रुपए की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गए। पीड़ित में थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लड़की और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी असगर पुत्र सराजू ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 16 जनवरी की रात्रि के समय जब पीड़ित अपने परिवार के साथ सो रहा था, तभी गांव का ही मुकेश पुत्र धम्मन अपने साथी सुमित पुत्र मोती निवासी कांधला के साथ पीड़ित के घर में घुसकर जबरदस्ती पीड़ित की नाबालिक पुत्री को अपने साथ ले गया।आरोप है कि आरोपी घर में रखी 48000 की नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गए। पीड़ित का आरोप है कि पहले भी मुकेश पीड़ित की पुत्री की इच्छा के विरुद्ध शादी करना चाहता था, और अवैध संबंध बनाना चाहता था। जिसकी सूचना पीड़ित की पुत्री ने पीड़ित को दी थी।समाज में बदनामी के डर से उस समय मुकेश को समझा बुझा दिया गया था।पीड़ित ने मुकेश और उसके साथी सुमित के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर नाबालिग किशोरी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।शीघ्र ही नाबालिग किशोरी बरामद कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा, और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# स्कूल बस चालकों एवं व्यवसायिक वाहन चालकों का स्वास्थ प्रशिक्षण कराया गया।



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोडवेज बस स्टैंड बुलंदशहर स्कूल बस चालकों एवं व्यवसायिक वाहन चालकों का स्वास्थ प्रशिक्षण कराया गया जिसमें एआरटीओ प्रवर्तन नीतू शर्मा एआरएम परमानंद मौजूद रहे इसके अलावा यातायात निरीक्षक राजीव कुमार के साथ संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान चलते हुए 31 वाहनों पर हेलमेट, सीट बेल्ट , नो पार्किंग की करवाई की गई।

# आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, दर्जनों लोग घायल, निस्तारण की उठाई मांग

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के काटने से महिला, पुरुष व बच्चे घायल हो रहे हैं और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा घायलों को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई जा रही है तथा आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है।नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों के झुंड गलियों में टोली बनाकर घूमते रहते हैं और मौका मिलते ही राहगीरों, महिलाओं व बच्चों पर झपट पड़ते हैं। सैकड़ों लोग अब तक आवारा कुत्तों के काटने से घायल होकर अस्पताल में उपचार करा चुके हैं।बीते दिनों आवारा कुत्तों के काटने से मौत भी हो चुकी है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।नगर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है कि आवारा कुत्तों व बंदरों को पकड़वाने की ठोस कार्रवाई की जाए, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।गुरुवार को नगर के सरकारी अस्पताल में कस्बा निवासी किशोरी समरीन, समर, अलीशा, समीर, रामकौर निवासी मयंक, नानूपुरी निवासी लव, घसोली निवासी राजेंद्र, सल्फा निवासी अक्षित, आल्दी निवासी अनमोल, जिडाना निवासी महिला आरती, खंद्रावली निवासी अदनान, गढी दौलत निवासी अली सहित कई लोगों ने एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई।

# मारपीट में चार पर मुकदमा

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के मिल्कीपुर गांव (मिजार्मुराद) में किसी बात को लेकर बाइक मिस्त्री को मनबढ़ों ने लाठी-डंडे से मारपीट कर सिर फोड़कर घायल कर दिया।घटना बीते 17 जनवरी की बताई गई।पीड़ित बाइक मिस्त्री मिल्कीपुर निवासी सुजीत ने बुधवार की रात मिजार्मुराद थाने पहुंच रामदुलार, रामदेव, गोलू व विजय के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का तहरीर दिया।मिजार्मुराद पुलिस तहरीर के आधार पर देर रात मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस गुरुवार को घायल को मेडिकल मुआयना हेतु भेज दी।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आयुष राज्यमंत्री की पहल

**संदीप तिवारी वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** ग्राम पंचायत सिधौना जिला गाजीपुर में गुरुवार को माननीय आयुष मंत्री श्री डॉ दयाशंकर मिश्र ( दयालु) जी के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया गया।इस योजना की अहमियत और लाभों पर संबंधित विभाग के अधिकारी विवेक कुमार वर्मा ( सहायक प्रबंधक- उद्योग विभाग गाजीपुर) द्वारा प्रकाश डाला गया युवाओं को अपने विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि ऐसी योजनाएं देश के उद्यमशील भविष्य को सशक्त बना रही हैं।इस योजना के अंतर्गत युवाओं को ?5 लाख तक का ब्याज-मुक्त ऋण प्रदान किया गया है ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें और आत्मनिर्भर बनें।स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार न केवल वित्तीय सहायता दे रही है, बल्कि प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और विपणन सहायता भी उपलब्ध करा रही है।इस पहल से हजारों युवाओं को अपना व्यवसाय स्थापित करने में मदद मिली है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य है – ह्लहर युवा को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजक बनाना।ह्व कार्यक्रम में श्रवण कुमार मिश्र, कुंदन सिंह, करुणा शंकर मिश्र, अखिलेश मिश्र, उपेंद्र नाथ मिश्र, चंद्रपति यादव, पंकज मिश्र, अरविंद मिश्र, अशोक सिंह, अनिमेश मिश्र, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कुल 98 युवाओं द्वारा रेजिस्ट्रेशन कराया गया

# विवाहिता को मारपीट कर किया घायल, थाने पर शिकायत

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी विवाहिता ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट कर घर से निकलना और घर में घुसने पर हत्या करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी विवाहिता माया पुत्री दलीप ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया था कि पीड़िता की शादी वर्ष 2020 में गांव इस्सोपुरटील निवासी संजीव पुत्र राजवीर के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद तक सब कुछ ठीक-ठाक चला रहा था, लेकिन गत 17 जनवरी को पीड़िता के पति संजीव ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की और पीड़िता को घर से बाहर निकाल दिया था। आरोप है कि घर में दोबारा घुसने पर पीड़िता के पति और ससुराल पक्ष के लोगों ने पीड़िता की हत्या करने की धमकी दी थी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। मामले में कोई कार्रवाई न होने पर बुधवार को पीड़िता ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है।मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पानी की किल्लत, महिलाओं ने नगर पालिका के खिलाफ किया

**वेलकम इंडिया**



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के मोहल्ला गुड़वाहन में पानी की भीषण किल्लत से परेशान महिलाओं व पुरषों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पालिका प्रशासन पर गंभीर अनदेखी का आरोप लगाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।प्रदर्शन के दौरान महिला आनो ने बताया कि मोहल्ले में लगा समरसेबल पिछले करीब डेढ़ वर्ष से खराब पड़ा हुआ है, जिसके चलते क्षेत्रवासियों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गली में लगा सरकारी हैंडपंप भी पीने योग्य पानी नहीं दे रहा है, जिससे हालात और अधिक खराब हो गए हैं।महिला शमशिरा ने आरोप लगाया कि मोहल्ले में सफाईकर्मी भी नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।बताया कि फरवरी माह में रमजान का पवित्र महीना शुरू होने वाला है, जिसमें पानी की आवश्यकता और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने मांग की कि रमजान से पहले ही खराब पड़े समरसेबल को ठीक कराया जाए, ताकि मोहल्लेवासियों को राहत मिल सके।प्रदर्शन के दौरान आनो, शमशिरा, शाहिद, शाहजहां, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद आसिफ सहित कई महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।नगर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने बताया कि मोहल्ला गुड़वाहन में लगे सबमर्सिबल का बोरिंग फेल हो चुका है।उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नया बोरिंग कराकर सबमर्सिबल लगाया जाएगा, जिससे पानी की समस्या का समाधान किया जा सकेगा।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा

**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के करधना गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने समूह नृत्य, नाटक, एकांकी एवं हास्य कविता प्रस्तुत कर समा बांधकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया गया।मुख्य अतिथि ने सवार्गीण विकास पर बल देते हुए शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना चाहिए।इससे बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।विद्यालय ही एक ऐसा संस्थान है, जहां से बच्चों को शिक्षकों की कड़ी मेहनत से सींचने के बाद उन्हें आगे बढ़ने की एक नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुपमा वर्मा, महेंद्र यादव, रमाशंकर यादव, रहमत आरा, शिक्षिका अंचला परमार, डॉ. मधुपर्णा मुखर्जी, शिव प्रताप तिवारी, संतोष कुमार, आदेश कुमार, पूजा वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जैनबगंज जमीनी विवाद में थानाध्यक्ष की भूमिका सवालों के घेरे में, साधू से हाथापाई

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी।** थाना शुकुल बाजार क्षेत्र के जैनबगंज गांव में जमीनी विवाद अब केवल दो पक्षों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विवेक वर्मा पर एक पक्ष विशेष की खुली पैरवी करने, भूस्वामी से बदसलूकी करने और बीच-बचाव करने आए साधू से हाथापाई व गाली-गलौज के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासनिक हलकों में भी खलबली मच गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार जैनबगंज में एक भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। हिंदू पक्ष का आरोप है कि उनकी जमीन पर मुस्लिम पक्ष द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। मामला जब तनावपूर्ण हुआ तो पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन आरोप है कि मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने विवाद सुलझाने के बजाय कथित तौर पर मुस्लिम पक्ष का पक्ष लिया। आरोप यह भी है कि थानाध्यक्ष ने मौके पर मौजूद भूस्वामी से अभद्र भाषा में बात की। जब स्थिति बिगड़ती देख एक साधू और ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर माहौल शांत कराने का प्रयास किया, तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई और हाथापाई की नौबत आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस दौरान हिंदू पक्ष के लोगों के साथ मारपीट भी हुई, जिससे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बन गया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस अधिकारी और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस और तनावपूर्ण स्थिति साफ देखी जा सकती है। हालांकि वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है, लेकिन वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ही एकतरफा रवैया अपनाएगी तो पीड़ित न्याय के लिए कहां जाए।

# राहुल हत्याकांड: हिस्ट्रीशीटर लकी लभेड़ा से पुलिस की मुठभेड

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में रुपये के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट में युवक राहुल की मौत के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस घटना के मुख्य आरोपी व हिस्ट्रीशीटर लकी लभेड़ा को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके दो अन्य साथी अभी फरार हैं. डोहरा, थाना बारादरी निवासी पप्पू पुत्र चंद्रसेन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 14 जनवरी 2026 को उसके बेटे राहुल के साथ उधार के पैसों के विवाद में लकी लभेड़ा, भीमा और आकाश ठाकुर ने बेरहमी से मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल राहुल को इलाज के लिए नारायण हॉस्पिटल, रामपुर गार्डन में भर्ती कराया गया, जहां 21 जनवरी 2026 को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पहले दर्ज मुकदमे में पुलिस ने राहुल की मौत के बाद धारा 103 (1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर दी थी और आरोपियों की तलाश में टीमें गठित की गई थीं। 22 जनवरी 2026 की सुबह करीब 6:15 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रामगंगानगर परियोजना स्थित पंचवटी एनक्लेव सेक्टर-11 में हिस्ट्रीशीटर लकी लभेड़ा की घेराबंदी की। पुलिस के अनुसार, खुद को घिरा देख आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसमें सिपाही अक्षय तोमर घायल हो गए। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें लकी लभेड़ा के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और अस्पताल भेजा गया। घायल सिपाही का भी इलाज जारी है। इस मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोर का तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस, सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि लकी लभेड़ा शातिर किस्म का अपराधी और हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। मुठभेड़ के संबंध में अलग से अभियोग पंजीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस मामले में फरार चल रहे भीमा और आकाश ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। राहुल की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी शिवानी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है। सबसे छोटा बच्चा अभी महज 15 दिन का है, जिसने अपने पिता को ठीक से देखा भी नहीं। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। हालांकि, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में होने का दावा किया है और कहा है कि इस जघन्य वारदात में शामिल हर दोषी को जेल भेजा जाएगा।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में पिलखुआ स्थित रामलीला मैदान में गढ़मुक्तेश्वर की क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं जनहित में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह अपने कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील एवं अनुशासित कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है।कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता गुलशन त्यागी, युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, हापुड़ भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, जिला महामंत्री मोहन सिंह, विपिन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी ने क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

## कायाकल्प योजना में यूपीएचसी सीबीगंज को मिला प्रथम पुरस्कार



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) सीबीगंज ने कायाकल्प योजना (वर्ष 2024झ25, इंसेंटिव राउंड-2) के अंतर्गत स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, रोगी-हितैषी सेवाओं एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जनपद बरेली का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता ने बताया कि यह उपलब्धि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ ) बरेली, डॉ. विश्राम सिंह के दूरदर्शी विजन एवं मार्गदर्शन में संभव हो सकी। इस उल्लेखनीय सफलता में व१ुल्ल ल्तींह्न३ उङ्मल्ल२४ह्ल३ल्ल३ डॉ. गंगासरन का विशेष मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उनके तकनीकी सहयोग, रणनीतिक सुझाव एवं निरंतर मॉनिटरिंग से कायाकल्प के सभी मानकों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया गया। साथ ही नोडल ठवलट के सहयोग का भी उल्लेखनीय योगदान रहा। टडकउ डॉ. मधु गुप्ता का प्रभावशाली नेतृत्व इस उपलब्धि की प्रमुख आधारशिला रहीं चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (टडकउ) डॉ. मधु गुप्ता, जिनके सशक्त नेतृत्व, अनुशासनात्मक कार्यशैली एवं विशेष फोकस के कारण यूपीएचसी सीबीगंज ने कायाकल्प मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके निर्देशन में: स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था संक्रमण नियंत्रण प्रणाली बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधन रोगी-संतुष्टि आधारित सेवाएँ को सुदृढ़ किया गया। समर्पित स्वास्थ्य टीम का योगदान इस सफलता में यूपीएचसी सीबीगंज की संपूर्ण टीम का सराहनीय योगदान रहा फार्मासिस्ट हिरदेश स्टाफ नर्स मनमोहन, सरिता लैब टेक्नीशियन श्रवण कुमार एएनएम सरस्वती, रामलली, रजनी, मनु सपोर्ट स्टाफ मोनू, सूरज आशा कार्यकर्ता इस उपलब्धि की वास्तविक रीढ़ रहीं जिन्होंने उत्कृष्ट फील्ड-वर्क, जनसमुदाय से समन्वय, रोगी फॉलो-अप एवं जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान की।

# फर्जी बैनामे से खेल: सौतेली मां ने बेटे से छीनी पैतृक संपत्ति

वेलकम इंडिया/खालिद खान



**बरेली।** थाना बहेड़ी क्षेत्र से पैतृक संपत्ति हड़पने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें सौतेली मां और उसके रिश्तेदारों पर सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी व कूटरचित बैनामे कराकर करोड़ों रुपये की संपत्ति अपने नाम कराने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्राम चौड़ेरा, थाना व तहसील बहेड़ी निवासी अखिलेश कुमार, पुत्र स्वर्गीय छोटे लाल ने बताया कि उनकी माता माया देवी की मृत्यु के बाद पिता दूसरी महिला चम्पा देवी के प्रभाव में आ गए। चम्पा देवी अपने पहले पति के पुत्र गिरीश कुमार को साथ लेकर रहने लगी, जिसके बाद परिवार में विवाद शुरू हो गया। पीड़ित के अनुसार, उनके पिता ने वर्ष 2010 में ग्राम मुड़िया नवी बक्श में 594 वर्ग फीट भूमि क्रय की थी। इस जमीन पर एक मकान और तीन दुकानें बनवाई गई थीं। एक दुकान बाद में बेच दी गई, दो दुकानें किराये पर दी गई पिता का स्पष्ट कहना था कि यह संपत्ति उनकी पहली पत्नी की संतान को ही मिलेगी। आरोप है कि वर्ष 2018 में सौतेली मां के दबाव में पिता से मकान का बैनामा गिरीश कुमार के नाम करा लिया गया। हालांकि, दुकानों का बैनामा करने से पिता ने साफ इनकार कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि पिता की मृत्यु के बाद प्रेमनरायन, वेदप्रकाश, चम्पा देवी, गिरीश कुमार और उनके अन्य रिश्तेदारों ने मिलकर षड्यंत्र रचा। इसके तहत फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वर्ष 2022 में दुकानों का बैनामा गिरीश कुमार के नाम करा दिया गया। इतना ही नहीं, बाद में वही संपत्ति प्रेमनरायन की पत्नी सीमा देवी के नाम भी बैनामे के जरिए ट्रांसफर करा दी गई। अखिलेश कुमार का कहना है कि वह अपने पिता का इकलौता कानूनी वारिस है, इसके बावजूद उसे उसकी पैतृक संपत्ति से वंचित कर दिया गया। वर्तमान में वह ननिहाल में रहने को मजबूर है और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की थी। शिकायत के संज्ञान में आते ही पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए गए, जिसके बाद थाना बहेड़ी में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में पिलखुआ स्थित रामलीला मैदान में गढ़मुक्तेश्वर की क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह को उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं जनहित में किए जा रहे सराहनीय प्रयासों के लिए सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह अपने कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील एवं अनुशासित कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, जिससे पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है।कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता गुलशन त्यागी, युवा कमांड के जिला उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, हापुड़ भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, जिला महामंत्री मोहन सिंह, विपिन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हापुड़ देहात पुलिस ने महिला सहित दो अभियुक्त किए गिरफ्तार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। मौहल्ला तगासराय में एक लड़की के विवाह को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी।घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक महिला सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में विधिक कार्रवाई करते हुए अग्रिम विवेचना की जा रही है।क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा ने बताया कि विवाह को लेकर हुए आपसी विवाद में मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसमें घायल महिला की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। मामले की निष्पक्ष व गहन जांच की जा रही है तथा जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# कुटकी सहित जड़ी-बूटी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिलाप्रशासन

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जड़ी-बूटी उत्पादन, विशेषकर कुटकी की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंचायत भवन कर्मी में प्रगतिशील काश्तकारों के साथ संवाद किया। इस दौरान जड़ी-बूटी खेती में आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कुटकी उत्पादन से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव एवं सुझाव जिलाधिकारी के साथ साझा किए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में जड़ी-बूटी खेती में अपार संभावनाएं हैं और पारंपरिक खेती के साथ-साथ कुटकी जैसी औषधीय फसलों का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्लस्टर आधारित खेती अपनाने से बेहतर उत्पादन और अधिक आर्थिक लाभ संभव है। जड़ी-बूटी खेती से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि पलायन पर रोक लगाने और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जड़ी-बूटी फसलों को जंगली जानवरों से नुकसान नहीं होता। जिलाधिकारी ने कुटकी के साथ इंटर-क्रॉपिंग को बढ़ावा देते हुए काश्तकारों के प्रस्तावों को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। साथ ही सिंचाई सर्वेक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने मृदा परीक्षण, काश्तकारों को प्रशिक्षण, सिंचाई सुविधा, तारबाड़, खाद एवं कीट नियंत्रण हेतु जिला भेषज संघ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बड़े स्तर पर उत्पादन होने की स्थिति में जिलाप्रशासन द्वारा विपणन एवं वितरण की व्यवस्था भी की जाएगी।सीडीओ आर सी तिवारी ॠने कहा कि जिला प्रशासन का स्पष्ट विजन है कि प्रत्येक खेत में जड़ी-बूटी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों को चार चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# पेंटर की करेंट लगने से हुई मौत नदीगांव में मकान में पेंटिंग करते समय हुआ हादसा

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**,जिला मुख्यालय में हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई।नदीगांव क्षेत्र में मकान में रँगरोधन करते समय मकान की छत से गुजरने वाली विद्युत लाइन की चपेट में आने से विहारी पेंटर की मौत हो गई।घटना होते ही वहां कोहराम मच गया। साथ ही मुख्यालय में मजदूरी करने वाले अन्य मजदूर भी सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुंच गए।जहां उन्होंने मृतक को मुआवजा देने की मांग की।प्राप्त जानकारी के आधार पर जिला मोतिहारी पुर्वी चंपारन निवासी 33 वर्षीय धामू यादव पुत्र जैलाल यादव की करेंट लगने से मौत हो गई है। मृतक सैम मंदिर वार्ड नदीगांव में मकान में पेंट का काम कर रहा था। छत के उपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के करेंट की चपेट में आ गया।आनन फानन में आस पास के लोग उसे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मामले की सूचना मिलते ही बिहारी मजदूर भी वहां एकत्रित हो गए।जो मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग करने लगे।देर शाम तक कोई भी सुलह समझौता नही होने पर शव को मोर्चरी में रखा गया है।कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है।मामले में पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

## अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु जनपद में पैदल गश्त व चेकिंग



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़** जनपद। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख प्रतिष्ठानों, बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त की जा रही है।इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर आवश्यक पूछताछ की जा रही है, साथ ही आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है।बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह के नेतृत्व में भी पुलिस बल द्वारा प्रभावी पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया।

# खेल प्रतियोगिताएँ छात्राओं के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक सीबीगंज में शैक्षणिक सत्र 2025झ26 के अंतर्गत आयोजित संस्था की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह गुरुवार 22 जनवरी 2026 को हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ० डी.सी. वर्मा, विधायक (119 मीरगंज), बरेली द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया गया तथा प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के परिणाम कुछ इस प्रकार रहे। 100 मीटर दौड़ में हाई जंप (ऊँची कूद) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान झ भावना, द्वितीय स्थान झ राधा व तृतीय स्थान पुष्पांजलि ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी विजेता छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ० डी.सी. वर्मा द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ० डी.सी. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएँ छात्राओं के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित भी किया तथा भारत सरकार की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी भी दी। संस्थान की प्रधानाचार्या नामिता वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि एवं समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक सीबीगंज, सहित संस्थान का समस्त शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ० शर्मिला ( व्याख्याता इलेक्ट्रॉनिक्स) एवं संजीव कुमार, अनुदेशक (कंप्यूटर) द्वारा किया गया।

# विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण की कार्यशाला सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** विकसित भारत गारंटी फार रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण की कार्यशाला एक दिवसीय कार्यशाला भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हुई। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया की अध्यक्षता मेंआयोजित कार्यशाला में कार्यकताओं को नई योजना की जानकारी जन जन तक पहुंचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार दिलाने, औरप्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकताओं द्वारा लोगों को योजना के फायदे के बारे में जागरूक करने हेतु जानकारी दी गई।बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं को योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगड़िया द्वारा सभी कार्यकताओं को योजना के प्रचार प्रसार एवं कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे झूठे प्रपंच और देशवासियों को गुमराह करने की नीति के खिलाफ आमजन को जागरूक करने की अपील की गई।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुंदन सिंह लटवाल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि सभी सात मोर्चा का गठन कर नगर पालिका एवं नगर पंचायत में मनोनीत सभासद का चयन कर, जिले में सभी बूथों को शक्ति केंद्र में समायोजित करने हेतु पहल की जाएगी। साथ ही वीबीसीरामजी की कार्यशाला प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर एवं प्रत्येक बूथ स्तर पर किए जाने,प्रत्येक गांव स्तर पर कार्यशाला करके बीवीरामजी में जो संशोधन किए गए हैं उनके फायदों के बारे में आमजन को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाने के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।कहा कि चाहे मजदूरी के दिनों की संख्या में वृद्धि के साथ प्रत्येक हफ्ते में रोजगार का पैसा दिए जाने, विकसित भारत के सपने को साकार करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रो में विकास कार्यो को बढ़ावा देने, साथ ही पलायन रोकने में योजना महत्वपूर्ण होने, की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान एवं बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अहमदगढ़ में श्रीमद् भागवत कथा शुरू कलश यात्रा के साथ भृगु क्षेत्र के कथा वाचक ने किया प्रवचन।

**अहमदगढ़** ।गांव अहमदगढ़ स्थित चामुंडा मंदिर पर गुरुवार को साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ कथा प्रारंभ होने से पूर्व महिलाओं ने पीतांबर वस्त्र धारण कर गांव में कलश यात्रा निकाली इन कलश को गांव में भ्रमण करने के बाद कथा स्थल पर स्थापित किया गया इसके बाद ग्रामीणों ने हवन भी किया परम श्रद्धेय बाल व्यास सोविन शास्त्री महाराज भृगु क्षेत्र आश्रम ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन बड़ी मुश्किल से मिलता है इसीलिए सभी मनुष्य को पूजा के साथ धार्मिक आचरण में रहना चाहिए उन्होंने बताया कि भगवान के भजन से ही मनुष्य के जाने अनजाने पापों का नाश हो सकता है कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन भजन करने का संकल्प ।

# जिलाधिकारी ने प्रगतिशील काश्तकारों से किया संवाद

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जड़ी-बूटी उत्पादन, विशेषकर कुटकी की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंचायत भवन कर्मी में प्रगतिशील काश्तकारों के साथ संवाद किया।इस दौरान जड़ी-बूटी खेती में आ रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा कुटकी उत्पादन से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव एवं सुझाव जिलाधिकारी के साथ साझा किए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में जड़ी-बूटी खेती में अपार संभावनाएं हैं और पारंपरिक खेती के साथ-साथ कुटकी जैसी औषधीय फसलों का उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्लस्टर आधारित खेती अपनाने से बेहतर उत्पादन और अधिक आर्थिक लाभ संभव है। जड़ी-बूटी खेती से न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि पलायन पर रोक लगाने और पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जड़ी-बूटी फसलों को जंगली जानवरों से नुकसान नहीं होता। जिलाधिकारी ने कुटकी के साथ इंटर-क्रॉपिंग को बढ़ावा देते हुए काश्तकारों के प्रस्तावों को स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। साथ ही सिंचाई सर्वेक्षण के लिए खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने मृदा परीक्षण, काश्तकारों को प्रशिक्षण, सिंचाई सुविधा, तारबाड़, खाद एवं कीट नियंत्रण हेतु जिला भेषज संघ को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बड़े स्तर पर उत्पादन होने की स्थिति में जिलाप्रशासन द्वारा विपणन एवं वितरण की व्यवस्था भी की जाएगी।सीडीओ आर सी तिवारी ॠने कहा कि जिला प्रशासन का स्पष्ट विजन है ।

# बड़ा पेमार में भागवत कथा का शुभारंभ



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**जनपद बिजनौर।** तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ा पेमार में विकास प्रजापति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के प्रधान, व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रामोद कुमार तथा जिला सचिव प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने आयोजक मंडल को सफल आयोजन की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं भागवत कथा के आयोजन से गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है कथा श्रवण हेतु आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, किसान नेता, व्यापारी वर्ग तथा युवा वर्ग भी मौजूद रहा। उपस्थित नरेंद्र प्रजापति संदीप कुमार अर्जुन प्रजापति नीता देवी संतोष देवी और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# हापुड़ जिले में ब्लैक आउट ड्रिल से पूर्व तैयारियों की व्यापक समीक्षा

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़** जनपद में नागरिक सुरक्षा विभाग हापुड़ के द्वारा आयोजित की जाने वाली ब्लैक आउट ड्रिल के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए ड्रिल से एक दिन पूर्व सभी कार्यक्रम स्थलों पर व्यापक स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गई।इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ हापुड़ मुख्य अग्निशमन अधिकारी,मुख्य चिकित्साधिकारी, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की टीम ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने प्रकाश व्यवस्था, आपातकालीन उपकरणों,फायर सेफ्टी सिस्टम,एम्बुलेंस की उपलब्धता,प्राथमिक उपचार की व्यवस्था,संचार प्रणाली तथा स्वयंसेवकों की तैनाती की स्थिति का गहन अवलोकन किया। ब्लैक आउट की स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा,घायलों को त्वरित चिकित्सा सहायता,आग लगने जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारी और प्रशासनिक समन्वय पर विशेष जोर दिया गया।आपदा विशेषज्ञ के द्वारा अधिकारियों और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को ड्रिल के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ब्लैक आउट ड्रिल का मुख्य उद्देश्य युद्ध अथवा आपदा जैसी परिस्थितियों में आम जनता को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया का अभ्यास करना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है।मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आग से बचाव के उपायों, फायर टेंडरों की तैनाती और त्वरित रिस्पांस टीम की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि चिकित्साधिकारी ने आपात चिकित्सा सेवाओं की तत्परता, एम्बुलेंस नेटवर्क और अस्पतालों में बेड व दवाओं की उपलब्धता की जानकारी दी। समीक्षा बैठक के अंत में सभी अधिकारियों ने आपसी समन्वय से कार्य करने, निर्धारित समय-सारिणी का पालन करने तथा नागरिकों को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की ड्रिल से न केवल प्रशासनिक तैयारियों की परीक्षा होती है,बल्कि आम जनता को भी आपदा के समय धैर्य, सतर्कता और अनुशासन के साथ व्यवहार करने का प्रशिक्षण मिलता है।नागरिक सुरक्षा विभाग ने जनपदवासियों से अपील की है कि ब्लैक आउट ड्रिल के दौरान प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें और इसे एक गंभीर अभ्यास के रूप में लेते हुए सहयोग प्रदान करें।

# थाना सिकंदरा में ऑपरेशन कन्विक्शन: नशीला पदार्थ देकर लूट करने वाले अभियुक्त को 3 वर्ष का कारावास

आगरा से संवाददाता मयूर खान



**आगरा** पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक मामले में कार्रवाई की, जिसमें वादी श्री श्यामपाल सिंह के साथ अज्ञात चोरों ने नशीला पदार्थ पिलाकर उनकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और बिजली विभाग का डेटा तथा ?17,500 चोरी कर लिए थे। पुलिस ने अभियुक्त नागेशपाल पुत्र अजयपाल निवासी सेवा का नगला बाराखम्बा थाना शाहगंज आगरा को गिरफ्तार कर मुकदमे में चोरी का माल बरामद किया। माननीय न्यायालय एडीजे -11, आगरा ने दिनांक 20.01.2026 को अभियुक्त नागेशपाल को धारा 328,379 भादवि में दोषमुक्त किया और धारा 411 भादवि में 3 वर्ष के कारावास व ?500 के अर्थदंड से दंडित किया। जांच अधिकारी एसआई निशांत राघव की बेहतरीन पुलिसिंग, उनकी तेजतर्रार और कुशल नेतृत्व क्षमता, और अपराधियों के प्रति उनकी सख्ती ने इस मामले में सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निशांत राघव की इस उपलब्धि ने पुलिस विभाग में एक बार फिर से उनकी प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और वे एक आदर्श पुलिस अधिकारी के रूप में उभरे हैं। पुलिस ने पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन कन्विक्शन चलाया है।

# सहसपुर तिराहे पर दर्दनाक हादसा बाइक फिसलने से युवक की मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** स्योहारा बाइक फिसलने से युवक की मौत इलाज के लिए ले जाते समय तोड़ा दम, परिवार में मचा कोहराम कांठ से स्योहारा की ओर लौट रहे दो युवकों की बाइक थाना स्योहारा क्षेत्र के सहसपुर तिराहे के पास फिसल गई।इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की हालत मौके पर ही गंभीर हो गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। मृतक की पहचान 28 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र सुरेशचंद्र, निवासी मोहल्ला फकीरचंद, कांठ (जनपद मुरादाबाद) के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक बालेश कुमार पुत्र विजय पाल, निवासी ग्राम झिल्ला, स्योहारा बताया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश कुमार कांठ से स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव झिल्ला आया था। वहां से वह अपने परिचित बालेश कुमार के साथ बाइक से कांठ वापस लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक सहसपुर तिराहे के पास पहुंची, अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक फिसल गई। हादसे में दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना में बालेश कुमार को गंभीर चोटें आईं, जबकि दिनेश कुमार भी घायल हो गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दिनेश कुमार को मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# भारतीय किसान यूनियन प्रगति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र देकर क्या नियुक्त

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर** के तहसील नजीबाबाद में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन प्रगति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अमित मलिक भारतीय किसान यूनियन प्रगति ने महमूद रजा को मंडल महासचिव नियुक्त किया भारतीय किसान यूनियन प्रगति के जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु कुमार के आवास पर नियुक्ति पत्र देकर महमूद रजा को सम्मानित किया और मंडल मुरादाबाद की कार्यकारिणी की जिम्मेदारी सौंपी महमूद रजा ने भारतीय किसान यूनियन प्रगति का धन्यवाद करते हुए मजदूर वे किसान की आवाज बुलंद करने की शपथ ली और संगठन को ऊंचाइयों की ओर ले जाने के कार्य करने के लिए कहा और मुरादाबाद मंडल के पांचों जिले की कार्यकारिणी संपूर्ण रूप से मजबूत करने का आश्वासन दिया भाकियू प्रगति के कार्यकताओं ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा ज्ञापन्न जीबाबाद। भारतीय किसान यूनियन प्रगति ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद को मुख्यमंत्री के नाम जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में 6 मुख्य मांगों का विवरण किया गया है, जिनमें मुख्यतः अवैध खनन पूर्ण रूप से बंद किया जाए, ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाया जाए, अवैध स्पा सेंटरों पर कानूनी कार्रवाई हो, हरे-भरे फलदार वृक्षों की कटाई पूर्णतया बंद हो, जिस्मफरोशी करने वाले होटलों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, कैफे के नाम पर अवैध तरीके से विद्यार्थी लड़के लड़कियों को मिलाने वाले केंद्रों को बंद किया जाए। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन प्रगति के जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह के साथ पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष इकबाल अहमद, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अरशद, जिला उपाध्यक्ष अरमान अहमद, जिला युवा अध्यक्ष इमरान अहमद, नजीबाबाद नगर युवा अध्यक्ष उमेर, नगर महासचिव शाहरुख, जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु कुमार आदि के साथ महिला विंग की जिला अध्यक्ष कामिनी शर्मा के साथ राष्ट्रीय संगठन मंत्री रूबी चौधरी, हाजरा बेगम आदि मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने सुहैल अंसारी को बनाया महानगर उपाध्यक्ष




आगरा से संवाददाता मयूर खान

**आगरा** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक अहम निर्णय लेते हुए सुहैब अंसारी को महानगर उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के स्पष्ट निदेर्शानुसार की गई है। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट शानू मोहम्मद द्वारा जारी आधिकारिक नियुक्ति पत्र में बताया गया कि सुहैब अंसारी, निवासी कटरा इतवारी खां/नाई की मंडी, आगरा, को महानगर उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनके सामाजिक जुड़ाव और संगठनात्मक अनुभव से महानगर इकाई को नई ऊर्जा मिलेगी। नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सौरभ दयाल, राहुल राजपूत, सोनू बेग, रवि सोनी, अनिल जाटव, सुशील, सनी, रोहित सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने नवनियुक्त महानगर उपाध्यक्ष को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। अपने मनोनयन पर सुहैब अंसारी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे। पार्टी नेताओं का कहना है कि आने वाले समय में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) महानगर आगरा में संगठन विस्तार, जनसंपर्क और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को लेकर और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी

# जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षात्मक रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समस्त अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुइ

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**बिजनौर** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं सुरक्षात्मक रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत समस्त अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इस पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा कौशलेंद्र सिंह, सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत, नगर निकाय, परिवहन के अधिकारी उपस्थित थे जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें तथा निरीक्षण के दौरान पायी जाने वाली कमियों एवं समस्याओं का तत्काल निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर कैमरा लगाना तथा लगाए गए सभी कैमरों को एक्टिवेट भी करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि कैमरा कंट्रोल रूम की भी स्थापना करना सुनिश्चित करें तथा उनकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया की क्रियाशील स्थान पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग के गड्ढे भरने और नगर निगम को कावड़ मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि कावड़ यात्रा मार्ग पर जगह-जगह मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएंगे और एम्बुलेंस की 24७7 उपलब्धता कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन द्वारा शिविरों और ढाबों पर दी जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए और समस्त ढाबों की रेट लिस्ट को भी देखना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि गुलदार प्रभावी सभी क्षेत्रों में गुलदार एवं उससे बचाव के साइन बोर्ड भी लगाना सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एंव ईमानदारी से करना सुनिश्चित करें और आपसी समन्य स्थापित करते हुए अपने कार्यों को अंजाम दें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।

# आरकेजीआईटी द्वारा बेंगलुरु में भव्य एलुमनी मीट का सफल आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद,**( अनिल वशिष्ट)। राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी) ने कोर्टयार्ड मैरियट, हेब्बल, बेंगलुरु में एक भव्य एवं यादगार एलुमनी मीट का आयोजन किया।इस आयोजन में संस्थान से वर्ष 2004 से 2025 तक उत्तीर्ण 130 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों को एक साझा मंच प्रदान करना, संस्थान से उनके भावनात्मक एवं व्यावसायिक जुड़ाव को पुनः सुदृढ़ करना तथा वर्तमान विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन के नए अवसर तैयार करना रहा। एलुमनी मीट के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन की स्वर्णिम स्मृतियों को साझा किया और बताया कि किस प्रकार आरकेजीआईटी में प्राप्त शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों ने उनके व्यावसायिक जीवन को दिशा प्रदान की।कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए डॉ. डी. के. चौहान, ग्रुप एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डॉ. बी. सी. शर्मा, निदेशक आरकेजीआईटी, डॉ. विपुल गोयल, हेडझएचआर, रितेश पाहुजा, एसोसिएट डायरेक्टरझसीआरसी, बलदेव, रजिस्ट्रार, डॉ. ऋतु अग्रवाल, सचिव एलुमनी एसोसिएशन आरकेजीआईटी, सौरभ सिंह, संयुक्त सचिव एलुमनी एसोसिएशन तथा सुश्री निशी पाठक, संयोजक बेंगलुरु चैप्टर मीट की गरिमामयी उपस्थिति रही।अपने संबोधन में अतिथियों ने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्लेसमेंट सफलता, अनुसंधान एवं नवाचार गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला और एलुमनी से संस्थान के सतत विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।इस अवसर पर उपस्थित सभी एलुमनी सदस्यों ने कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल की इस सराहनीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से एलुमनी और संस्थान के बीच संबंध और अधिक सशक्त होते हैं। कार्यक्रम के सांस्कृतिक एवं मनोरंजक सत्र में एलुमनी सदस्यों ने विभिन्न इंटरैक्टिव खेलों एवं समूह गतिविधियों में भाग लिया, जिससे आपसी संवाद और अपनत्व की भावना और प्रगाढ़ हुई। इस दौरान कुछ पूर्व छात्रों ने कविताओं एवं रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भी अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं, जिससे संपूर्ण वातावरण उल्लासपूर्ण एवं भावनात्मक बन गया। एलुमनी सदस्यों ने इस यादगार शाम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें सभी पूर्व छात्रों ने भविष्य में भी संस्थान से जुड़े रहने तथा ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।

# डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में एलुमनाई एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव काउंसिल का गठन

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट)। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में एलुमनाई एसोसिएशन की पहली मीटिंग पवेलियन होटल में हुई। इसमें 14 फरवरी 2026 को डॉ. के.एन. मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में होने वाली दूसरी ग्रैंड एलुमनाई मीट की रूपरेखा पर चर्चा की गई। एम आईसीएए में एक पैट्रन्स काउंसिल और एक एग्जीक्यूटिव काउंसिल होगी। आज की मीटिंग में प्रिंसिपल डॉ सतीश चंद अग्रवाल, छाया पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अखिलेश द्विवेदी, गुरुग्राम से राजेश शर्मा, दुबई से जितेंद्र सैनी, डॉक्टर प्रदीप भटनागर, अनिल कांत शर्मा, राकेश जोशी, राजीव वर्मा, महेश पिलानिया और डॉ. मुकेश गर्ग शामिल हुए, जो सभी एमआईसीएए की पैट्रन्स काउंसिल या एग्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्य हैं। आज अपनी पहली मीटिंग में ही एमआईसीएए ने कॉलेज के टॉयलेटस के रेनोवेशन का फैसला लिया है और एम आई सीएए की कोशिश होगी कि रेनोवेटेड टॉयलेट कॉलेज की दूसरी ग्रैंड एलुमनाई मीट के दिन तक तैयार हो जाएं। टॉयलेट के रेनोवेशन के इस प्रोजेक्ट के अलावा, एम आईसीएए की संस्थापक पैट्रन्स काउंसिल और एग्जीक्यूटिव काउंसिल का भी गठन किया गया।सभी उपस्थित महानुभावों ने कॉलेज की प्रगति के बारे में अपने-अपने सुझाव रखे ।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अग्रवाल ने बताया तो इस विद्यालय से पढ़े हुए पुरातन छात्र देश ही नहीं विदेशों में विभिन्न पदों पर रहकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं प्रधानाचार्य ने सभी से विद्यालय की प्रगति के लिए सहयोग की अपेक्षा की।

# भाजपा द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत डोर-टू-डोर किया जनसंपर्क।

**बुलंदशहर।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना तथा भाजपा जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने नगर के साठा दयालबाग और भूड़ कॉलोनी क्षेत्र में शक्ति केंद्रों व बूथों पर डोर-टू-डोर निरीक्षण एवं जनसंपर्क किया।इस दौरान मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नव मतदाता के रूप में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभारी मंत्री ने बीएलओ एवं कार्यकताओं को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण हों। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के निदेशानुसार जिले के सभी बूथों पर अभियान गंभीरता से चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी, सभासद, कार्यकर्ता, बीएलओ एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध द्वारा थाना मोदीनगर का किया वार्षिक निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट)। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना मोदीनगर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध केशव कुमार चौधरी द्वारा थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर की साफ-सफाई एवं चल रहे नवनिर्माण का निरीक्षण किया गया ।मिशन शक्ति केन्द्र के अभिलेखों का अवलोकन किया ।महिला सुरक्षा एवं उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाहियों की समीक्षा की गयी।महिलाओं की सुरक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने एवं समस्याओं का समय से निरस्तारण किये जाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, रात्रि गश्त एवं बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन से संवेदनशील एवं शालीन व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त अमित कुमार सक्सेना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आनंद प्रकाश मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# विधायक ने गैरखेत के लोगों को दी लिफ्ट सिंचाई योजना की सौगात

**वेलकम इंडिया**



**गैरखेत** क्षेत्र के लोगों को स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया जल्द लिफ्ट सिंचाई योजना की सौगात देंगे।विधायक ने लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु जिला योजना से धनराशि स्वीकृत दिलायी है। एक करोड़ 18 लाख 87 हजार रुपये की लागत से बनने वाली लिफ्ट सिंचाई योजना का विधायक ने भूमिपूजन किया।वहीं योजना को स्वीकृति मिलने से ग्रामीण काश्तकारो में खुशी की लहर है।विधायक सुरेश गढ़िया ने भूमिपूजन करते हुए ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योजना के निर्माण से काश्तकारों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।साथ ही बंजर भूमि भी उपजाऊ होगी।कहा कि जल्द ही परियोजना के निर्माण कार्य को पूर्ण कर क्षेत्र की देवतुल्य जनता को समर्पित किया जाएगा। यह योजना क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों की सिंचाई संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायक सिद्ध होगी। योजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ होगी तथा कृषि व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।इस अवसर ग्राम प्रधान गैरखेत मंजू देवी, निवर्तमान ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा, चंद्र सिंह कपकोटी, बूथ अध्यक्ष आनंद कपकोटी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गोविंद कपकोटी, दरवान कपकोटी, भूपाल कपकोटी मोहन कपकोटी,प्रताप सिंह कपकोटी, लक्ष्मण कपकोटी, रवि शाही, कमल कपकोटी, राजेंद्र नगरकोटी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आगरा पुलिस को मिला महाकुंभ सेवा मेडल और प्रशस्ति-पत्र



**आगरा से संवाददाता मयूर खान**

**आगरा** कमिश्नरेट के 4 अधिकारियों को महाकुंभ-2025 के सफल आयोजन में उत्कृष्ट योगदान के लिए माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त ₹महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र₹ से सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा दीपक कुमार (कढर) ने इन अधिकारियों को सम्मानित किया।सम्मानित होने वाले अधिकारियों में शामिल हैं: 1. महाडिक अक्षय संजय, अपर पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त, हरीपर्वत/लाइन्स 2. शेषमणि उपाध्याय, सहायक पुलिस आयुक्त, छत्ता/आंकिक 3. रामप्रवेश गुप्ता, सहायक पुलिस आयुक्त, कार्यालय/यातायात 4. सुश्री अमीषा, सहायक पुलिस आयुक्त, शमशाबाद इन अधिकारियों ने सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किया, जिससे महाकुंभ-2025 को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली।

# बसंत पंचमी के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट)।दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एक गरिमामय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी तथा ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी मुख्य अतिथि के रूप में तथा ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा माँ सरस्वती की भावपूर्ण वंदना प्रस्तुत की गई। जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वेदों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा एवं मूल्यों में उनके योगदान को सरल एवं प्रभावी शब्दों में प्रस्तुत किया। इसके उपरांत प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर पतंगोत्सव मनाया गया, जिसमें बच्चों ने रंग-बिरंगी पतंगें उड़ाकर उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन एवं संस्कारों के महत्व को समझाते हुए निरंतर सीखते रहने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने पर विशेष बल दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने उद्बोधन में बसंत पंचमी के शैक्षिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को इस पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय हेडमास्टर श्रीमान अंकित गालयान द्वारा बसंत पंचमी के महत्व को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम प्रसाद-वितरण के साथ अत्यंत सफलतापूर्वक एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# युग शक्ति क्रांतिकारी संगठन ने अपना द्वितीय एवं इसका स्काईस ट्रस्ट ने 16 वां स्थापना दिवस मनाया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,**( अनिल वशिष्ट)। नेताजी सुभाष जयंती की पूर्व संध्या पर ₹युग शक्ति क्रांतिकारी संगठन₹ ने अपना द्वितीय एवं इसका स्काईस ट्रस्ट ने अपना 16 वां स्थापना दिवस, धूम धाम से मनाया गया ।इस मौके पर अतिथियों को सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया।छाया पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में हिंदू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, किरण कमलेश तिवारी , राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रेम स्वरूप शुक्ला , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मीरा शुक्ला , राष्ट्रीय महासचिव सीमा रानी शर्मा, वीना चौधरी,नव्या शर्मा, नागेश शुक्ला,प्रदेश अध्यक्ष नीरज शर्मा युग शक्ति क्रांतिकारी संगठन जितेंद्र , क्रांतिकारी नीलम, क्रांतिकारी चिराग शर्मा,ममता शर्मा, बिनोद यादव, राधा शर्मा रीता प्रजापति के साथ अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक प्रेमाचार्य ने उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों को सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया तथा हिंदू समाज पार्टी की अगली रणनीति पर चर्चा की। हिंदू समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में अपने प्रत्याशी उतारेगी, ऐसा राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी ने बताया ।

# जहांगीराबाद में राम मंदिर अयोध्या की वर्षगांठ पर भव्य आयोजन, सुंदरकांड पाठ और भंडारों से गूंजा नगर

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** जहांगीराबाद राम मंदिर अयोध्या की वर्षगांठ के अवसर पर नगरभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सब्जी मंडी चौराहे पर व्यापार मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ कराया गया, जबकि बाजार और प्रमुख स्थानों पर भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सुंदरकांड का शुभारंभ व्यापारी नेता राजकुमार अग्रवाल एवं सुभाष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर विधायक संजय शर्मा भी व्यापारियों के साथ सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए।इसके अतिरिक्त बजरिया, लाल कुआं, घास मंडी, पुख्ता बाजार, प्रभुदयाल, बुलंदशहर बस स्टैंड और अनूपशहर बस स्टैंड सहित कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए। नगर के अधिकांश मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया, जहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।वही बजरिया पर शशांक सिंघल के प्रतिष्ठान पर जलेबी के प्रशाद का भक्तो ने विशेष आनंद लिया

# कोतवाल ने की राहवीर योजना का भागीदार बनने की अपील।

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के कुशल निर्देशन में जनपद में '36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के तहत 16 जनवरी से 14 फरवरी 2026तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बागेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कांडा टैक्सी स्टैंड एवं विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर आम जनमानस को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कोतवाल एवं पुलिस टीम द्वारा ग्रामीणों एवं वाहन चालकों से संवाद कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई।लोगो को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने, शीतकाल में घने कोहरे और पाले के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षित ड्राइविंग, कम गति और यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। नशे की हालत में गाड़ी ना चलाने, नशे के घातक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करते हुए नशा मुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया गया।

# रबागपत की बेटी खुशबू सोलंकी ने देश-दुनिया में किया बागपत को गौरवान्वित

**वेलकम इंडिया**

**बागपत,** उत्तर प्रदेश। विवेक जैन। विभिन्न सोशल मीड़िया प्लेटफार्मो पर अपनी सुरीली व मधुर आवाज से देश-दुनिया में धमाल मचाने वाली बागपत की बेटी सुप्रसिद्ध भजन गायिका, लेखिका व इंफ्लुएंसर खुशबू सोलंकी के यू-टयूब चैनल सुन लो भजन के 1 लाख सब्सक्राइबर्स पूरे होने पर यू-टयूब द्वारा उनको रिवार्ड प्ले बटन्स के अन्तर्गत सिल्वर प्ले बटन प्रदान कर सम्मानित किया गया। जैसे ही यह समाचार जनपदवासियों को पता चला खुशबू सोलंकी के बागपत, खिंदौड़ा व नोएड़ा स्थित आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। लोगों ने खुशबू सोलंकी का मुहं मीठा कराकर व उपहार भेंट कर उनको सम्मानित किया। खुशबू सोलंकी ने बताया कि उनको भजन गाने की प्रेरणा उनकी दादी नेत्रवती देवी से मिली। बताया कि उनको बचपन से ही भजन गाने का शौक है, जिसमें उनके ससुराल पक्ष, मायके पक्ष व उनके पति धर्मेन्द्र सिंह का भरपूर सहयोग मिलता है। बताया कि वह बागपत नगर के निवासी सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री रामस्वरूप सिंह व नेत्रवती देवी की पोती व गजेन्द्र सिंह व अनिता देवी की बेटी है।उन्होने एमए व बीएड़ की पढ़ाई की है। उनकी शादी जनपद बागपत के खिंदौड़ा गांव में हुई है। वर्तमान में वह नोएड़ा में रहती है। नोएड़ा में उन्होने वर्ष 2022 - 23 के दौरान यू-टयूब पर सुन लो भजन नाम से एक चैनल बनाया था। जिस पर अब तक वे हजारों भजन अपलोड़ कर चुकी है। खुशबू सोलंकी ने बताया कि 1 लाख सब्सक्राइबर्स पूरे होने पर यू-टयूब की तरफ से फोन आया और उन्होने मेरी इस सफलता पर बधाई देते हुए मुझकों रिवार्ड में सिल्वर प्ले बटन भेजा। खुशबू सोलंकी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कान्हा जी, लड्डू गोपाल जी, मायके पक्ष - ससुराल पक्ष के लोगों, अपने पति धमेन्द्र सिंह, गुरूजनों, सहयोगियों व शुभचिंतकों को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# विद्यालय प्रबंध समिति उन्मुखीकरण का भव्य आयोजन

## निपुण भारत मिशन और अभिभावक सहभागिता पर रहा विशेष जोर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विकासखंड मुरादनगर की ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) उन्मुखीकरण का आयोजन गुरुवार को एचएलएम कॉलेज मुरादनगर में किया गया। शासन द्वारा पूर्व नियोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, ग्राम प्रधानों सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, एचएलएम कॉलेज के निदेशक अनुज अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. धीरज शर्मा तथा प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों को बुके, स्टॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उद्घाटन सत्र के बाद बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। प्राथमिक विद्यालय अजबपुर मगावली के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, प्राथमिक विद्यालय उखलारसी प्रथम के बच्चों ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया, जबकि कंपोजिट विद्यालय सैंतली के बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के शैक्षिक सत्र में मुरादनगर की एआरपी मीनाक्षी यादव ने शासन की डीबीटी योजना पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। एआरपी प्रीति त्यागी ने समेकित शिक्षा, एआरपी नीना ने ऑपरेशन कायाकल्प और एआरपी बीनू त्यागी ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों व क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक से चयनित पांच निपुण विद्यार्थियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही ब्लॉक स्तरीय स्पेल बी प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक विद्यालय खुर्रमपुर प्रथम की माही तथा जूनियर स्तर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढिंढार की वंशिका को मंच पर सम्मान प्राप्त हुआ। अपने संबोधन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने कहा कि जनवरी माह से प्रारंभ होने वाले औपचारिक निपुण आकलन को लेकर सभी विद्यालय पूरी तैयारी रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब सभी बच्चे निपुण होंगे, तभी विद्यालय और जनपद निपुण कहलाएगा। एसआरजी विनीता त्यागी एवं एसआरजी देवांकुर शर्मा ने 27 जनवरी से शुरू होने वाले निपुण आकलन को लेकर विभागीय तैयारियों और विद्यालयों में बच्चों द्वारा किए जा रहे अभ्यास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों से विद्यालय को हर संभव सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में दोनों एसआरजी एवं मुरादनगर के सभी एआरपी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, एचएलएम कॉलेज के निदेशक अनुज अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. धीरज शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी, मुरादनगर ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, एसआरजी देवांकुर शर्मा, एसआरजी विनीता त्यागी, एआरपी मीनाक्षी यादव, प्रीति त्यागी, नीना, मोनिका त्यागी, बीनू त्यागी, निशि शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि और अभिभावक उपस्थित रहे।

# जीडीए ने मोरटा क्षेत्र में वेयरहाउस और आर.एम.सी. प्लांट किया सील



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के निदेशानुसार प्रवर्तन जोन-01 और 03 के अंतर्गत अवैध निमार्णों और कालोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। गुरुवार को ग्राम मोरटा, हमतुम रोड क्षेत्र में व्यापक प्रवर्तनात्मक कार्रवाई करते हुए बिना स्वीकृत नक्शा के निर्मित दो वेयरहाउस और एक आर.एम.सी. प्लांट को सील कर दिया गया।

इस कार्रवाई के अंतर्गत मोरटा, मेरठ रोड स्थित शिव ज्योति पैकेजिंग, कौरो मंडल एंटरप्राइजेज लि. (के/ओ वी.ए.एस. एंटरप्राइजेज), फीनिक्स और अन्य संचालित गोदाम/वेयरहाउस को भी सील किया गया। सीलिंग के दौरान स्थानीय संचालकों और निर्माणकताओं ने विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल और क्षेत्रीय पुलिस की संयुक्त उपस्थिति में स्थिति को नियंत्रण में रखते हुए कार्रवाई को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। प्रवर्तन टीम ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत नक्शा के किसी भी प्रकार का निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई सहायक अभियंता, अवर अभियंता, पर्यवेक्षक, क्षेत्रीय पुलिस और जी.डी.ए. पुलिस बल की उपस्थिति में संपन्न कराई गई। प्राधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अवैध निमार्णों के विरुद्ध निरंतर और कड़ी प्रवर्तनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर का नियोजित विकास और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# लोनी क्षेत्र में मेट्रो विस्तार परियोजना पर सचिव की अध्यक्षता में बैठक तकनीकी और प्रशासनिक कार्ययोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए पत्राचार और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद जनपद के लोनी क्षेत्र में शिव विहार से मण्डोला विहार तक मेट्रो विस्तार परियोजना के संबंध में गुरुवार को सचिव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम गाजियाबाद, आवास एवं विकास परिषद और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मेट्रो विस्तार परियोजना से जुड़े विभिन्न तकनीकी, प्रशासनिक और जनहित संबंधी पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में परियोजना की शीघ्र क्रियान्वयन प्रक्रिया को गति देने के लिए आवश्यक समन्वय और कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने मेट्रो लाइन के मार्ग, भूमि अधिग्रहण, यातायात प्रबंधन और जनसुविधाओं की सुनिश्चितता के विषय में सुझाव प्रस्तुत किए। सचिव महोदय ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग परियोजना को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने हेतु पूर्ण सहयोग करें, ताकि जनता को जल्द से जल्द आधुनिक और सुरक्षित मेट्रो सेवा उपलब्ध हो सके।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बड़ा एक्शन, कई जोनों में अवैध निर्माण व अनधिकृत संचालन पर सीलिंग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अरुण मिश्रा)** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शहर में अवैध निर्माण, अनधिकृत औद्योगिक व व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए विभिन्न जोनों में व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया। जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई से नियमों की अनदेखी कर वर्षों से संचालित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।

प्रवर्तन अभियान के दौरान डासनाझभूडगढ़ी औद्योगिक क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में पूर्व से दर्ज मामलों के आधार पर सीलिंग की प्रभावी कार्रवाई की गई। बिना स्वीकृति फैक्ट्रियों का संचालन, नाले से सटे अवैध शेड निर्माण, औद्योगिक परिसरों में बैंकेट हॉल/बरात घर जैसे अनधिकृत उपयोग को गंभीर नियम





उल्लंघन मानते हुए जीडीए ने परिसरों को सील कर दिया।

अभियान के अंतर्गत हजारों वर्गमीटर क्षेत्र में फैली अवैध फैक्ट्रियों और निमार्णों पर ताला लगाया गया। जीडीए अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि शहर में नियोजित विकास सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम है। पूरी कार्रवाई जीडीए प्रवर्तन टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई।

कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित रही। जीडीए ने स्पष्ट किया है कि प्राधिकरण क्षेत्र के सभी जोनों में अवैध निर्माण एवं अनधिकृत उपयोग के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर और सख्ती के साथ जारी रहेगा। प्राधिकरण ने आम नागरिकों, उद्यमियों और भू-स्वामियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा व्यावसायिक गतिविधि प्रारम्भ करने से पूर्व आवश्यक स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जीडीए की इस कार्रवाई को शहर में नियम व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक सख्त चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

# गृहकर पुरानी दर से ही वसूला जाएगा, कोई नई दर लागू नहीं: सुनीता दयाल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम की मेयर सुनीता दयाल ने स्पष्ट किया है कि दिनांक 30 जून 2025 को आयोजित माननीय सदन की बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने एकमत होकर यह निर्णय लिया था कि गृहकर की वसूली पुरानी दरों पर ही की जाएगी और किसी भी प्रकार की नई दर लागू नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया था, इसलिए इसका सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि यदि भविष्य में गृहकर की दरों पर पुनर्विचार की आवश्यकता महसूस होती है तो उस पर निर्णय केवल सदन में ही लिया जाएगा। वर्तमान में सदन कक्ष निमार्णाधीन होने के कारण माननीय सदन की बैठक आयोजित नहीं हो सकी है, लेकिन बैठक शीघ्र ही बुलाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। मेयर ने यह भी कहा कि गृहकर से संबंधित प्रस्ताव के प्रस्तावक रहे सेवानिवृत्त मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा के कार्यकाल में गृहकर निर्धारण और वसूली को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में, जैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम और रमते राम रोड कॉम्प्लेक्स के प्रकरण, हाउस टैक्स पेयर से गृहकर वसूले बिना नगर निगम को अपने कोष से राशि जमा करनी पड़ी, जो अत्यंत गंभीर विषय है।

# नगर आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से गुरुवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सिटी जोन अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नंदग्राम सहित घुकना, सिहानी और पटेल नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 06, 11, 31, 32 एवं 49 का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, जलकल विभाग और निर्माण कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नंदग्राम रेत मंडी क्षेत्र में पुलिया की सफाई के बाद स्लैब के पत्थरों को अव्यवस्थित अवस्था में देख नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही निर्माण विभाग की टीम को तलब कर तत्काल स्लैब को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए, जिस पर निर्माण टीम ने तुरंत सुधार कार्य पूरा किया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि नालियों और पुलियों की सफाई के साथ-साथ स्लैब को सही ढंग से पुनः स्थापित करना भी अनिवार्य है, ताकि आवागमन बाधित न हो और दुर्घटनाओं की संभावना न बने। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए वार्डों में नियमित और अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल मुख्य मार्ग ही नहीं, बल्कि वार्डों के अंदरूनी मार्गों को भी सुगम और सुरक्षित बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस संबंध में निर्माण विभाग को विशेष सतर्कता बरतते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि निर्माण या मरम्मत के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने सफाई मित्रों से संवाद करते हुए उन्हें स्वच्छता कार्य के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा का भी ध्यान रखने की सलाह दी। वहीं, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से सभी वार्डों में पुलिया के ऊपर लगे स्लैब को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश तथा मुख्य अभियंता (निर्माण) नरेंद्र कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त के इस औचक निरीक्षण से नगर निगम अमले में सक्रियता बढ़ी है और वार्ड स्तर पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की दिशा में सख्त संदेश गया है।

# निमार्णाधीन मॉल, बहुमंजिला भवन और खुले गड्ढे बने खतरा, लापरवाही पर तय होगी जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद गाजियाबाद में निमार्णाधीन मॉल, बहुमंजिला भवनों, इमारतों, पुलों, सड़कों पर खुले गड्ढों, सीवर, नालों, तालाबों, पोखरों तथा क्षतिग्रस्त डिवाइडरों जैसे दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर तत्काल आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में निमार्णाधीन मॉल के



बेसमेंट में जलभराव के कारण हुई मृत्यु की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हादसा एक गंभीर चेतावनी है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता, यदि समय रहते एहतियाती कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में अपूर्ण एवं निमार्णाधीन संरचनाएं, खुली सरंचनाएं और क्षतिग्रस्त अवसंरचनाएं आमजन के लिए गंभीर खतरा बनी हुई हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आवासीय, व्यावसायिक भवनों, मॉल, बहुमंजिला इमारतों, निमार्णाधीन अथवा क्षतिग्रस्त पुलों, सड़कों और अन्य जोखिमपूर्ण स्थलों का गहन निरीक्षण करें। इन सभी स्थानों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाए और दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक सुरक्षा उपायों की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# जीडीए ने शहर के प्रमुख जंक्शनों में यातायात सुधार के लिए सर्वेक्षण शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु और आधुनिक बनाने के लिए विशेष पहल शुरू की है। इसी दिशा में अर्बन मेट्रो ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड (यूएमटीसी) की तकनीकी टीम द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र के प्रमुख जंक्शनों पर विस्तृत सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में यातायात प्रवाह, सड़क ज्यामिति, पीक आवर्स में वाहनों का दबाव, पैदल यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन अध्ययन किया गया।




इसका मुख्य उद्देश्य शहर के जंक्शनों के लिए वैज्ञानिक और व्यावहारिक सुधारात्मक सुझाव तैयार करना है, ताकि यातायात जाम की समस्या को कम किया जा सके और शहर का स्वरूप बेहतर बनाया जा सके। जीडीए के अधिकारियों ने सर्वेक्षण के दौरान टीम की मौजूदगी सुनिश्चित की। यूएमटीसी द्वारा तैयार रिपोर्ट के आधार पर जंक्शन सुधार के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# मौज-मस्ती और जिम सप्लीमेंट की चाह में बने लुटेरे, लोनी बॉर्डर लूटकांड का पुलिस ने किया पदार्फाश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अरुण मिश्रा)** गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में मार्बल कारोबारी से हुई लूट की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए छह युवकों को गिरफ्तार किया है। जांच में चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि आरोपियों ने किसी पेशेवर अपराध की बजाय शौक और दिखावे की जिंदगी के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपियों ने पहले मार्बल व्यापारी की रोजमर्रा की गतिविधियों और आमदनी की जानकारी जुटाई थी। उन्हें अनुमान था कि कारोबारी के पास रोजाना लाखों रुपये की नकदी रहती है, इसी गलतफहमी में उन्होंने लूट की योजना बनाई। हालांकि वारदात के दौरान आरोपियों को केवल 75 हजार रुपये ही हाथ लगे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास से 67 हजार रुपये नकद बरामद कर लिए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि लूट की रकम का इस्तेमाल उन्होंने मौज-मस्ती और जिम में बॉडी बनाने से जुड़े महंगे सप्लीमेंट खरीदने में किया। इस पूरे मामले का खुलासा पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस तकनीक और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर किया। सभी आरोपी युवक हैं और इनके खिलाफ पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज नहीं है, जिससे साफ है कि यह अपराध किसी आदतन अपराधी गिरोह का नहीं बल्कि भटकाव में आए युवाओं का मामला है।



### पुलिस अधिकारियों का कहना

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई और तकनीकी जांच के चलते लूटकांड का समय रहते खुलासा कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नकदी लेन-देन में सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।